तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025



तिफरा नाले का चेम्बर अब भी अधूरा पड़ा हुआ है।



## खबर संक्षेप

### आजाद जयंती पर निबंध प्रतियोगिता 20 को

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा इस वर्ष भी क्रांतिवीर पं चन्द्र शेखर आजाद की 119 वीं जयंती पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता 20 जुलाई रविवार को आयोजित की जाएगी। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच के प्रदेश कार्यालय बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक में प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता दो वर्गों में होगी। छठवीं से आठवीं एवं नवमीं से बारहवीं में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने आदित्य त्रिपाठी, मनोहर लाल मिश्र, राजेश पाण्डेय, रामशंकर शुक्ल एवं दिनेश बाजपेयी से संपर्क किया जा सकता है।

### बारिश थमते ही उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** मानसून की रफ्तार पर ब्रेक लगते ही सूरज ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को सुबह से ही तेज धूप निकली और लोगों का उमस भरी गर्मी से हाल बेहाल हो गया। इस दौरान अधिकतम तापमान में सीधे 2 डिग्री की बढ़त देखी गई और 34.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिन तक अच्छी बारिश के आसार बहुत कम है, हालांकि इस दौरान काले घने बादलों के आने के कारण कहीं - कहीं पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मानसूनी हवाओं ने अपनी दिशा बदल दी है, ऐसे में प्रदेश भर में बारिश बंद हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दुर्ग, रायपुर और बस्तर में बारिश कम होगी। वहीं बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में बारिश की आशंका बनी हुई है। प्रदेश में अबतक सीजनल 362.1 मिमी औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है।

### निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प 16 को, 118 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में 4 निजी संस्थानों द्वारा सेल्स डेवलपमेंट मैनेजर, ब्रांच डेवलपमेंट मैनेजर, डेवलपमेंट मैनेजर, बीमा सखी, बीमा अभिकर्ता, लाइफ मित्र, रिलेसनशीप अफसर सहित कुल 118 पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। इन पदों के लिए आवश्यक योग्यता पदों के अनुसार 12वीं, गेजुएट आदि निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधारकार्ड एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण पत्र की मूलप्रति व छायाप्रति के साथ इस कैंप में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### प्रयास विद्यालयों में प्रवेश प्रतीक्षा सूची जारी

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। जिसे विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। प्रतीक्षा सूची में जिन विद्यार्थियों के नाम हैं, वे अपने समस्त दस्तावेजों के साथ काउंसलिंग के लिए प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में उपस्थित होंगे। अनुसूचित जनजाति बालक के लिए 15 जुलाई एवं बालिका वर्ग 16 जुलाई, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका के लिए 17 जुलाई, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका 18 जुलाई, सामान्य एवं अल्पसंख्यक वर्ग बालक एवं बालिका के लिए 18 जुलाई को काउंसलिंग की तिथि निर्धारित की गई है।

# जनसंख्या के अनुपात में 480 की जगह जारी हो गए 768 शस्त्र लाइसेंस

**187 अब भी कतार में** | शासन का नियम 5 हजार की जनसंख्या के अनुपात में एक को मिलेगा शस्त्र लाइसेंस | **यहां साढ़े तीन हजार में ही जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर





आयुध नियम 2010 के अनुसार प्रति पांच हजार की जनसंख्या के पीछे एक व्यक्ति को शस्त्र का लाइसेंस जारी किया जाना है। जिले की अनुमानित आबादी अभी 24 लाख के करीब है, जिससे शासकीय सर्कुलर के अनुसार जिले में 480 लोगों को ही शस्त्र के लाइसेंस जारी किए जा सकते थे। इसके विपरीत आज की स्थिति में जिले में कुल 768 लोगों को लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, जबकि 187 अब भी कतार में हैं।

शस्त्र रखना अब सुरक्षा से ज्यादा शायद स्टेटस सिंबल हो गया है। यही कारण है कि शस्त्र के लाइसेंस के लिए कलेक्टोरेट में आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। हालांकि प्रशासन द्वारा प्राथमिकता क्रम में एवं आवेदनों की कड़ाई से जांच करने के बाद ही लाइसेंस जारी किया जाता है। परिणामस्वरूप अति आवश्यक एवं पात्र आवेदकों की पहचान कर सिर्फ उन्हें लाइसेंस जारी किए गए हैं। शेष आवेदनों को खारिज कर निराकृत कर दिए जाते हैं।

दिक्कत यह है कि लाइसेंस जारी करने में इतनी सावधानी व पारदर्शिता होने के बाद भी जिले में निर्धारित से ज्यादा लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2010 में जारी एक सर्कुलर के अनुसार प्रति 5 हजार की जनसंख्या के पीछे एक लाइसेंस जारी किया जाना है। आज की स्थिति में जिले की अनुमानित जनसंख्या 24 लाख के करीब है। ऐसी स्थिति में सरकार के सर्कुलर के आधार पर अब तक 480 लाइसेंस ही जारी किए जाने चाहिए थे, जबकि 768 लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। इसका अर्थ ये हुआ कि जिले में तीन हजार 150 लोगों के पीछे ही एक को लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं।

इतना ही नहीं, बल्कि जिले में शस्त्र का लाइसेंस चाहने वालों की संख्या में अभी भी कमी नहीं आई है। आज की स्थिति में भी जिले में 187 लोग लाईन में खड़े हैं। वर्ष 2019 से लेकर अब तक 187 लोगों के आवेदन कलेक्टर कार्यालय में लंबित रखे गए हैं। मौजूदा वर्ष की ही बात करें तो छह महीनों में ही जिले के 26 आवेदकों ने कलेक्टोरेट में शस्त्र लाइसेंस के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। विभाग के जानकारों के अनुसार शस्त्र का लाइसेंस प्रस्तुत करते ही लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता। इस दौरान बुजुर्गों एवं ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जाती है, जिन्हें जान का भय हो एवं अपनी सुरक्षा के लिहाज से उन्हें शस्त्र धारण करने की जरूरत हो।

**कब-कब आए कितने आवेदन**

| वर्ष | प्राप्त आवेदन | निराकृत | लंबित |
|---|---|---|---|
| 2019 | 37 | 21 | 16 |
| 2020 | 33 | 17 | 16 |
| 2021 | 36 | 18 | 18 |
| 2022 | 42 | 17 | 25 |
| 2023 | 58 | 8 | 50 |
| 2024 | 41 | 5 | 36 |
| 2025 | 26 | 0 | 26 |

**मापदंडों को ध्यान में रखा जाएगा**

अविभाजित बिलासपुर में कोरबा, जांजगीर, मुंगेली और जीपीएम भी शामिल थे। तब जिला भी बड़ा था, और जनसंख्या भी अधिक थी। तब लाइसेंस भी उसी अनुपात में जारी किये गए थे। इन सभी के बिलासपुर से अलग होकर नये जिले के रूप में स्थापित होने के बाद बिलासपुर की जनसंख्या भी कम हो गयी, जिससे लग रहा है कि बिलासपुर में निर्धारित से अधिक लाइसेंस जारी हो गए हैं, जबकि ऐसा नहीं है। अब भी जो आवेदन लाइसेंस के लिए लंबित हैं उनमें सुरक्षा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए आगे निर्णय लिया जाएगा।

**- संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

## 24 घंटे के भीतर सिविल लाइन क्षेत्र में दूसरी घटना, तीन आरोपी हिरासत में

# बदमाशों ने नाबालिग की चाकू मारकर की हत्या नाराज लोगों ने आरोपियों के घर लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी के चर्चित जरहाभाठा मिनी बस्ती में एक नााबलिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वारदात की वजह आससी रंजिश बताई जा रही है। रविवार की दोपहर दो परिवारों के बीच हुए विवाद के दौरान हुई इस वारदात से पूरे इलाके में तनाव फैल गया। वारदात से नाराज लोगों ने पेट्रोल छिड़ककर आरोपियों के घर में आग लगा दी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

सिविल लाइन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुनील बांधे और सूरज भास्कर के परिवार के बीच किसी पुरानी रंजिश को लेकर रविवार की सुबह से ही विवाद हो रहा था। देखते ही देखते यह विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया और इसमें एक नाबालिग को जान तक गंवानी पड़ी। विवाद के दौरान सूरज भास्कर के परिजनों ने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें 17 वर्षीय सुमित बंधे गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों परिवारों के सदस्यों से पूछताछ शुरू कर दी है और हमले के बाद तीन आरोपियों को हिरासत में लिया, जिसमें एक नाबालिग है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।



मृतक

**मृतक के परिजनों ने किया हंगामा**

बताया जा रहा है कि हमले के बाद घायल युवक को लेकर उसके परिजन सिविल लाइन थाना पहुंचे, उसके हाथ और सीने में चाकू का वार था, पुलिसवालों ने उसे जिला अस्पताल भेजवा दिया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों का गुस्सा भड़क गया और परिजनों ने अस्पताल में हंगामा मचाया, पुलिस को भी अस्पताल में बल भेजना पड़ा।

**ऐसे हुई वारदात :** पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर लगभग पौने 2 बजे की है। मिनी बस्ती स्थित रिंग रोड-2 के पास सुलभ शौचालय के समीप मृतक सुमित बांधे के मित्र आर्यन रात्रे का सूरज भास्कर से विवाद हो गया। विवाद के बाद आर्यन रात्रे गुड्डू गली पहुँचा, जहाँ सूरज भास्कर, छोटू एवं सूरज के दो नाबालिग भाइयों ने मिलकर आर्यन को पीट दिया। सुमित बांधे ने बीच बचाव किया। इससे नाराज सूरज भास्कर ने मृतक से कहा कि "तू भी बचाने आया है," और घर से सब्जी काटने वाला चाकू लाकर सुमित बांधे के सीने में वार कर दिया। घायल सुमित को सिविल लाइन लाया गया। पुलिस परिजनों के साथ उसे जिला अस्पताल लेकर गई। मामले में मुख्य आरोपी सूरज भास्कर एवं दो को हिरासत में लिया गया है। एक आरोपी छोटू घटना स्थल से फरार है।



आरोपी





**नाराज लोगों ने घर में आग लगाई**

हत्या की वारदात के बाद आरोपी अपने घर में छिप गए, लोग उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रहे थे, परन्तु उन्होंने घर का दरवाजा नहीं खोला, इससे नाराज लोगों ने पेट्रोल छिड़ककर उनके घर में आग लगा दी, घर में आग लगने पर जलने के डर से आरोपी बाहर निकल आए। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और अरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में घर की आग बुझाई गई।



जिला अस्पताल में हंगामा मचाते परिजन।

## 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव



# संग्रहण केंद्रों में दिखा पेनाल्टी का खौफ

**बिलासपुर।** निर्धारित समय में धान का उठाव नहीं होने के बाद लगाई जाने वाली पेनाल्टी का खौफ जिले के संग्रहण केंद्रों में साफ नजर आ रहा है। संग्रहण केंद्र परिसर में पानी व कीचड़ होने के बाद भी धान के उठाव के लिए ट्रकों की लंबी कतार नज़र आ रही है। रविवार की स्थिति तक 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है, जो धान की कुल मात्रा का करीब 68 प्रतिशत है।

जिले के चारों संग्रहण केंद्रों भरनी, बिल्हा, मोपका व करगीकला में इन दिनों धान का उठाव जोरों पर चल रहा है। संग्रहण केंद्रों में 1 लाख 36 हजार मीट्रिक टन धान का स्टाक था, जिनका उठाव किया जाना था। नीलामी नहीं होने के कारण मिलरों द्वारा उठाव प्रारंभ नहीं किया जा रहा था। इधर इस बीच लगातार बारिश होती रही, जिससे संग्रहण केंद्र परिसर में न केवल चारों ओर पानी का जमाव हो गया, बल्कि कीचड़ जैसी स्थिति भी निर्मित हो गई थी। इसके विपरीत उठाव के लिए मिलरों द्वारा अब गंभीरता दिखाई जा रही है।

- 68 प्रतिशत धान का उठाव पूरा
- संग्रहण केंद्रों में उठाव के लिए लगी ट्रकों की कतार

विपणन विभाग के अनुसार सारे मिलरों को उनके धान की बुक की गई मात्रा के हिसाब से उठाव के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है। प्रति स्टैक के अनुपात में उठाव व पेनाल्टी के लिए स्लैब तैयार किया गया है। उक्त समयसीमा में उठाव नहीं होने की दशा में पेनाल्टी लगाने की तैयारी है। यही कारण है कि मिलर हर हाल में अपनी निर्धारित समयसीमा में धान का उठाव करना चाह रहे हैं। संग्रहण केंद्रों से लगातार उठाव होने के कारण आज की स्थिति में 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। विभाग द्वारा माह के अंत तक शत प्रतिशत उठाव होने की संभावना जाहिर की गई है।

**तीसरे स्थान पर है जिला**

आज की स्थिति तक 89 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है, जो उठाव के लिए कुल उपलब्ध धान का 68 प्रतिशत है। प्रदेश में उठाव के मामले में अब जिला तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। निर्धारित समयसीमा में उठाव नहीं करने वालों के विरूद्ध पेनाल्टी भी लगाई जाएगी।

**- शंभु कुमार गुप्ता,** डीएमओ

# आटो चालक पर चाकू व सर्जिकल ब्लेड से जानलेवा हमला, मोहल्ले वालों ने बचाई जान



पकड़े गए आरोपी।

**बिलासपुर।** तालापारा क्षेत्र के शारदा नगर में शनिवार की रात एक आटो चालक पर चाकू और सर्जिकल ब्लेड से बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्लेवालों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। वारदात के बाद मौके से आरोपी फरार हो गए। घायल की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तालापारा में रहने वाले मोहम्मद इरशाद (20) आटो चालक हैं। मोहम्मद इरशाद रोज की तरह शनिवार को आटो चलाकर लौटा और घर खाना खाने चला गया। इस दौरान खाना खाने के बाद वह शारदा नगर साईं मंदिर के पीछे रात 10 बजे दोस्तों के साथ बैठा था, कुछ देर बाद दोस्त चले गए। इस दौरान उसे अकेला पाकर सोहेल, सरजू और सलमान खान नामक लकड़े पहुंचे। उनमें से एक ने पीछे से उसकी कमर पर लात मार कर उसे जमीन पर गिरा दिया। वह जैसे ही उठा, आरोपियों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सोहेल ने अपने पास रखे चाकू से इरशाद की पीठ पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद सरजू ने सर्जिकल ब्लेड से उसके पेट पर हमला किया। घायल इरशाद जब तक संभल पाता सोहेल, सरजू और सलमान ने उस पर लात-घूंसे और थप्पड़ों से हमला करते रहे। शोर सुनकर मोहल्ले के सूरज सतनामी, छोटू शुक्ला और सूरज यादव पहुंचे और झगड़े को शांत कराया। इसी दौरान हमलावर युवकों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित को मोहल्लेवालों की मदद से इलाज और रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने लाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**चलता है नशे का अड्डा**

बताया जा रहा है कि जहां आरोपीगण नशे का कारोबार करते है। कई बार पुलिस के शिकंजे में आ चुके है लेकिन हर बार खानापूर्ति कार्रवाई की जाती है। ऐसे में आरोपियों के हौसले बुलंद हो चुके है। आरोपियों ने जिस समय युवक पर हमला किया, उस समय वे नशे के हालत में थे। घायल ने पुलिस को उनके काले कारनामों के बारे में बताया है।

## मुंगेली कलेक्टर ने इन कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की, मेडिकल जांच कराने भी नहीं पहुंच रहे

# फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी, 27 के खिलाफ कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुंगेली जिले में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी कर रहे 27 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। अतिरिक्त कलेक्टर की ओर से सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की जांच करने और प्रतिवेदन देने कहा गया है। सभी ने श्रवण बाधित के फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त की थी। सबसे अधिक शिक्षा विभाग में इस तरह के लोग नौकरी कर रहे हैं। कलेक्टर ने इन कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की है। अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा जारी पत्र के मुताबिक मेडिकल जांच कराने कई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं तो कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दिव्यांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चन्द्राकर ने बताया कि वर्तमान में पीएससी से सलेक्ट होकर 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 नायब तहसीलदार, 3 लेखा अधिकारी, 3 पशु चिकित्सक, 2 सहकारिता निरीक्षक सहित 21 लोग फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र लगाकर सरकारी नौकरी कर रहे हैं। हरिभूमि ने मामले में लगातार खबरें प्रकाशित की हैं।

- सभी विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर प्रमाण पत्रों की जांच करने और प्रतिवेदन देने कहा

मुंगेली जिले के लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव के लोगों के बने सभी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल उठ रहे हैं। बात सामने आई है कि अकेले 53 लोग कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं तीन लोग कृषि शिक्षक के पद पर काबिज हैं। ध्यान रहे राज्य शासन की ओर से दिव्यांगों की विशेष भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। सबसे पहले ग्रामीण कृष विस्तार अधिकारी पद के लिए भर्ती हुई। इसमें 50 ऐसे लोगों की नियुक्ति हुई है जिन्होंने श्रवण बाधित होने का फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र पेश किया है। इसी तरह तीन कृषि शिक्षक के पद पद काम कर रहे हैं।



हरिभूमि

हरिभूमि के खुलासे से हड़कंप, आनन-फानन में बुलाई गई ज्वाइंट कमेटी की बैठक, अब राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा टेस्ट

10 सालों में 300 से अधिक लोगों ने बनाया फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र

हरिभूमि

लोरमी के 7 ऐसे गांव, जहां 10 सालों में 300 से अधिक बहरे, दूसरे गांव से आई बहुओं के कान भी हुए 'सुन्न'

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**इनकी नियुक्ति पर उठे हैं सवाल**

व्याख्याता मनीषा कश्यप, टेक सिंह राठौर, रवीन्द्र गुप्ता, पवन सिंह राजपूत, विकास सोनी, अक्षय सिंह राजपूत, गोपाल सिंह राजपूत, योगेन्द्र सिंह राजपूत शामिल हैं। इनके अलावा शिक्षक मनीष राजपूत, सहायक शिक्षक नरहरी सिंह राठौर, राकेश सिंह राजपूत तथा श्रम विभाग के सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी नरेन्द्र सिंह राजपूत के साथ कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों प्रभा भास्कर, अमित राज राठौर, धर्मराज पोर्ते, नितेश गुप्ता, विजेन्द्र नार्गव, टेकचंद रात्रे, निलेश राठौर, सुरेन्द्र कश्यप, गुलाब सिंह राजपूत, बृजेश राजपूत सहित प्रयोगशाला सहायक भीष्मराव भोसले को भी सेवा से पृथक कर दिया गया है। इसके अलावा जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक ग्रेड-2 सत्यप्रकाश राठौर, उद्यान विभाग की ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी पूजा पहारे और सतीश नवरंग, तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास विस्तार अधिकारी राजीव कुमार तिवारी भी इस सूची में शामिल हैं।

**मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए**

2016 और 2018 में हुई भर्ती की सूची का अवलोकन करने पर एक बात जो देखने में आ रही है कि अधिकांश चयनित उम्मीदवार राजपूत, सिंह और राठौर सरनेम के हैं। यह सभी बिलासपुर, मुंगेली और जांजगीर-चांपा जिले के निवासी हैं। अधिकांश फर्जी प्रमाण पत्र भी लोरमी और जांजगीर-चांपा जिले से बनाए गए है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के मुताबिक अधिकांश प्रमाण पत्रों में बिलासपुर और मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं। इनमें से एक डाक्टर बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं। संघ ने सभी विकलांग प्रमाण पत्रों की राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच कराने की मांग की है।

**प्रतिवेदन के आधार पर होगी कार्रवाई**

अभी किसी भी कर्मचारी को बर्खास्त नहीं किया गया है। जो भी बातें सामने आ रहीं वह गलत हैं। फिलहाल विकलांग संघ की शिकायतों के आधार पर सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिवेदन मांगा गया है। इसमें से कई कर्मचारी मेडिकल बोर्ड के सामने भी उपस्थित नहीं हुए हैं। प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई होगी।

**- निष्ठा पांडे तिवारी**
अतिरिक्त कलेक्टर, मुंगेली

## खबर संक्षेप

### मित्र मंडल महिला विंग का सावन उत्सव कल

बिलासपुर। मित्र मंडल नेहरू नगर महिला विंग का सावन उत्सव एक निजी होटल में मंगलवार 15 जुलाई को शाम चार बजे से आयोजित है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा. मधुमिता मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डा. राजेश्वरी उद्धेश्य, रेणुका पिंगले समाज कल्याण अधिकारी नगर निगम, मुन्नी कृष्ण मूर्ति बांधी होंगी। अध्यक्षता सत्यभामा अवस्थी करेंगी। संस्था की सचिव शुभांगी प्रीति गुप्ता ने सभी सदस्यों से हरे श्रृंगार में आने का आह्वान किया है।

### छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज ने किया 12 ज्योतिर्लिंगों का अभिषेक कर पूजन



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज की नगर इकाई के भवन में सावन पर्व पर 12 ज्योतिर्लिंगों का अभिषेक कर पूजन किया गया। बिलासपुर इकाई के समस्त सदस्य इस पूजन अभिषेक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। भोलेनाथ से सभी ने आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सब अग्र बंधुओं का सहयोग मिला। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। द्वादश ज्योतिर्लिंग को अरपा नदी में पूजन अर्चना आरती करके विसर्जित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बिलासपुर इकाई के समस्त सदस्यों का सहयोग रहा।

### सीएमडी कालेज के चेयरमैन दुबे ने किया ऑक्सीजोन परिक्षेत्र में पौधरोपण



बिलासपुर । श्रावण मास के प्रथम रविवार 13 जुलाई को हरिहर ऑक्सीजोन परिक्षेत्र में पौधरोपण अभियान के तहत तुरकाडीह से सेंदरी पुल के बीच अरपा के किनारे बांस पौधों का रोपण हरिहर परंपरा के अनुरूप सेवा संकल्प के साथ किया गया । आज के अभियान के मुख्य अभ्यागत सीएमडी महाविद्यालय के अध्यक्ष संजय दुबे, प्रोफेसर हर्ष पान्डेय सदस्य लायंस क्लब बिलासपुर रहे। पौधरोपण उपरांत अरुण आश्रय हरिहर कुटिया के मंच से संजय दुबे ने कहा कि हरिहर ऑक्सीजोन परिवार के बीच आकर मैं अभीभूत हुआ । महिला विंग व आप सब की लगन पर्यावरण पर निस्वार्थ सेवा भाव से प्रभावित हूं। निश्चित ही आप सब की मेहनत 5 सालों का परिणाम नगर वासियों के सामने एक व्यवस्थित फलदार, देव ,छायादार एवं औषधि पौधों का उद्यान सामने दिख रहा है। प्रो हर्ष पांडेय अध्यक्ष लायंस क्लब अपने कार्यकाल 2025 में हरिहर के साथ पर्यावरण एवं समाज सेवा के लिए अनुबंध करने के साथ निरंतर समाज सेवा संयुक्त रूप से करने की बात कही। अतिथियों नीम बेल, बरगद, पीपल, कदब, गुलमोहर, बास आदि पौधे लगाए गए। अभियान में जोन चेयरपर्सन जी एल जैन, अरविंद दीक्षित, सुभाष अग्रवाल, राकेश पान्डेय, राम सिंह स्वर्णकार, रमेश अग्रवाल, राकेश सखुजा, आर के अग्रवाल, इतफ़ाक सागरी, मनजीत सिंह अरोरा,भुवन वर्मा संयोजक,डॉ शंकर यादव ,संजय वर्मा, लक्ष्मी गहवाई, प्रीति चौहान ,ममता गुप्ता,नंदनी पाटनवार आदि मौजूद थीं।

### प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी ने किया आराधना का सम्मान



बिलासपुर । प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी द्वारा अपने हौसले से कैंसर को हराने वाली आराधना त्रिपाठी का सम्मान किया गया । यह आयोजन पूर्व न्यायाधीश चन्द्रभूषण वाजपेयी के मुख्य आतिथ्य, डॉ विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता एवं रानी मिश्रा एवं डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि श्रीमती आराधना ने अपने हौसले से कैंसर को हराया और दूसरों के लिए प्रेरक बनी हुई हैं वास्तव में उनका यह साहस और इच्छा शक्ति सम्मानीय है । इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश चन्द्रभूषण वाजपेयी ने कहा कि आत्मबल में वह शक्ति होती है जिससे सब कठिन कार्य भी संभव हो जाता है । श्रीमती आराधना ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ति होने के बाद उनका जीवन बहुत संघर्षपूर्ण रहा । कई अस्पतालों का चक्कर लगाना पड़ा। उस कठिन समय में उनके पति स्व. सुरेश त्रिपाठी ने उनका हौसला बढ़ाते हुए साथ देते रहे । अपोलो अस्पताल बिलासपुर के ईलाज से उन्होंने कैंसर पर विजय पाई ।

### एचओजी प्रणाली से तीन साल में 25 करोड़ की बचत

बिलासपुर। रेलवे ने पुराने और नीले कोच वाली ट्रेन के कोच को चेंज करते हुए एलएचबी कोच से परिचालन करना शुरु कर दिया है, जिसमें ट्रेनों का संचालन हेड ऑन जनरेशन प्रणाली से करते हुए रेलवे ने पिछले तीन साल में 25 करोड़ रुपए से अधिक की बचत की है। यात्रियों की सुविधाओं की बढ़ती मांग जैसे वातानुकूलन प्रणाली और ऑन बोर्ड पेंट्रीकार सेवा वाले कोच के साथ ही गति क्षमता में वृद्धि ने एक प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया, जिसे एंड ऑन जनरेशन प्रणाली कहा जाता है। एंड ऑन जनरेशन प्रणाली में ट्रेन के दोनों सिरों पर एक कोच पावर कार में 500 केवीए के दो डीजल जनरेटर सेट लगे होते हैं। यह डीजी सेट विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए डीजल इंधन का उपयोग करते हैं, जिससे 3 फेज 750 वोल्ट का उत्पादन होता है। इस ऊर्जा का उपयोग कोच में विद्युत उपकरणों के संचालन के लिए किया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में 22 ट्रेनें थी, जो पहले एंड ऑन जनरेशन यानि सेल्फ जनरेशन प्रणाली पर चलती थी। वर्तमान में सभी ट्रेनें हेड ऑन जनरेशन प्रणाली पर संचालित की जा रही है। इसके अतिरिक्त जोन से होकर गुजरने वाली अन्य ट्रेनें भी हेड ऑन जनरेशन प्रणाली सुविधा से लैस है। रेलवे से इससे पिछले तीन वर्षो में प्रति वर्ष औसतन 25 करोड़ रुपए बचत की है और सीओ2 उत्सर्जन में प्रतिवर्ष औसतन 11 हजार टन कमी की है।

---

**रेल अफसरों ने जारी किया फरमान** — आने-जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था होगी चुचुहियापारा ब्रिज से

# काऊकेचर लगाने 11 दिनों तक बंद किया जाएगा तारबाहर अंडरब्रिज



बिलासपुर। तारबाहर अंडरब्रिज को काऊकेचर लगाने के लिए 15 से 25 जुलाई तक यानि 11 दिनों तक बंद करने का फरमान रेल अफसरों नें जारी कर दिया है। इस दौरान अंडरब्रिज से आने-जाने वाले 20 हजार से अधिक लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए छोटे से चुचुहियापारा अंडरब्रिज का उपयोग करना होगा, जहां एक चार पहिया निकलने के बाद दूसरे के लिए जगह नहीं मिल पाती है।

बिलासपुर रेल मंडल में तारबाहर रेल क्रासिंग बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण है। इस रेल क्रासिंग से प्रतिदिन 300 से अधिक मालगाड़ियों के अलावा हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली मेल, एक्सप्रेस, दिल्ली, कटनी और अन्य रूट की ओर आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। इसके अलावा जो गाड़ियां बाहर से बिलासपुर स्टेशन में आकर समाप्त होती हैं, उन ट्रेनों को मेंटनेंस और साफ-सफाई के लिए कोचिंग डिपो ले जाने का कार्य भी इसी क्रासिंग से ही किया जा रहा है। तारबाहर से लेकर सिरगिट्टी नगर पंचायत और इंडस्ट्रियल एरिया में आने-जाने वाले लोगों की संख्या प्रतिदिन 20 से 22 हजार के करीब है, जिसमें स्कूल बच्चों से लेकर कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और व्यापारी वर्ग भी शामिल हैं। लोगों को क्रासिंग में बेरियर बंद होने के कारण परेशानियों को देखते हुए करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से तारबाहर शिव मंदिर के पास से लेकर सिरगिट्टी नगर पंचायत शराब भट्टी तक अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया है। बारिश के दौरान अंडरब्रिज में पानी भरने की समस्या और बारिश के बाद दूसरे मौसम में लोगों को धूल और गड्ढे.की समस्या से जूझना पड़ता है। इस तरह की परेशानियों को लोगों की प्रतिदिन की है। अब अंडरब्रिज में लोगों के लिए एक नई समस्या आ गई है। यहां बारिश के दौरान मवेशियों का जमावड़ा होने लगा था, जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत रेल प्रशासन से की गई, जिसके उपरांत रेल प्रशासन ने समस्या के निराकरण एवं सुगम सड़क आवागमन की सुविधा देने 15 जुलाई मंगलवार से लेकर 25 जुलाई शुक्रवार यानि 11 दिन तक अंडरब्रिज को पूरी तरह से बंद करते हुए काउकेचर लगाने का कार्य करने आदेश दिया है। इस अवधि में लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में चुचुहियापारा अंडरब्रिज का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

### सबसे अधिक परेशानी बच्चों की

तारबाहर रेल अंडरब्रिज बंद होने के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चों को होगी। सिरगिट्टी से लेकर चुचुहियापारा की ओर जाने वाली सड़क की हालत काफी खराब हो चुकी है, जहां कदम-कदम पर गड्ढे.होने की वजह से बारिश में पानी भर जाते हैं। इसके अलावा स्कूल टाइम में पहुंचने वाले बच्चों को अब 15 मिनट पहले ही घर से निकलना होगा। वहीं मरीजों के लिए पहुंचने वाले एम्बुलेंस को भी चुचुहियापारा अंडरब्रिज से घुमकर आना पड़ेगा।

---

प्रांगण में रखे-रखे हो जाते हैं खराब, लोगों को भेजा जाएगा नर्सरी तक

# पौधा लेने जाना पड़ेगा वन विभाग की नर्सरी, वन मंडल से नहीं होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हरियाली प्रसार योजना के तहत पिछले 15 सालों से पौधा वितरण इस वर्ष बिलासपुर वन मंडल में नहीं किया जाएगा। प्रांगण में रखे-रखे पौधे खराब होने की वजह से इस वर्ष पौधा लेने के लिए पहुंचने वाले लोगों को नर्सरी तक की दौड़ लगानी पड़ेगी।

प्रदेश स्तर पर हरियाली लाने के लिए शासन ने हरियाली प्रसार योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत एक-एक रुपए में लोगों को पौधों का वितरण करना शुरु किया गया। एक रुपए का पौधा मिलने की योजना में लोगों का अच्छा प्रतिसाद विभाग को मिला। प्रतिवर्ष पौधों की मांग बढ़नी शुरु हो गई, जिसके बाद एक रुपए का पौधा फ्री में वितरण करने की योजना बना दी गई। इसके तहत बिलासपुर वन मंडल के रेस्ट हाउस के सामने फलदार और छायादार पौधो को नर्सरी से मंगाकर रखा जाने लगा, जहां पहुंचने वाले लोगों को उनकी मांग के हिसाब से वन विभाग के स्टाफ पौधे वितरण करते थे। यह योजना वर्ष 2023-24 तक चली, जिसमें पौधों को घर ले जाने के बाद लोग उसे लगाते या फेंक देते। इसे देखने वाला भी कोई नहीं था। इस योजना के पौधा तुहार घर की शुरुआत हुई, जिसमें एक कॉल पर वन विभाग के स्टाफ गाड़ी में पौधा भरकर घर तक पहुंचाने का काम करने लगे। 15 से 20 साल के दौरान करोड़ों की संख्या में शहर और ग्रामीण स्तर पर पौधे वितरण हुए, लेकिन हरियाली कहीं भी नजर नहीं आई। वर्ष 2023-24 के बाद इस वर्ष भी हरियाली प्रसार योजना के तहत पौधा तुहार घर और पौधा वितरण किए जाने पर लोगों की उम्मीद थी। लोगों की इस उम्मीद पर वन विभाग ने पानी फेर दिया है। सालों से बिलासपुर वन मंडल के जिस रेस्ट हाउस के सामने पौधों का वितरण किया जा रहा था, वहां जाने के बाद अब लोगों को केवल हताशा ही होगी।

### एक नर्सरी जहां पौधा नहीं

इस वर्ष वन विभाग के अफसरों ने प्रांगण से पौधा वितरण करने की योजना पर विराम लगा दिया है। वन विभाग बिलासपुर में एक मात्र नर्सरी रतनपुर के इंदिरा अमराई में बनी हुई है, जहां एक भी पौधा तैयार नहीं किया गया है। इसके अलावा कानन पेण्डारी जू के बाद अरण्यिका बनी है, यह अरण्यिका बिलासपुर वन मंडल के बजाय सामाजिक वानिकी की जिम्मेदारी में हैं। बिलासपुर वन मंडल के पास पौधा बांटने की जिम्मेदारी तो नहीं है, लेकिन जिस व्यक्ति को पौधों की आवश्यकता होगी उन्हें अरण्यिका तक अपने स्वयं के वाहन लेकर लेने जाना होगा।

### कहीं दिखते नहीं हैं पौधे और वृक्ष

15 साल के दौरान तीनों विभागों की ओर से इस स्थान पर एक भी पौधा नहीं लगाया गया है। इसी तरह अरपा पार सरकंडा और राजकिशोर नगर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों की संख्या में वृक्षों की बलि दी गई है। पेड़ों की छांव नहीं मिलने के कारण लोगों को अपनी गाड़ियों को रखने के लिए भी छांव को ढूंढना पड़ता है। वन विभाग के अनुसार शहर और ग्रामीण एरिया में तीन साल के अंतराल में कहीं भी पौधरोपण न तो विभागीय किया गया और न ही कैंपा मद और अन्य मद से किया गया। इसके कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाए तो गए, लेकिन अब तक वृक्ष नहीं बन पाए।

### नहीं होगा वितरण

इस वर्ष पौधा वितरण करने की कोई भी योजना विभाग ने नहीं बनाई है। अगर किसी को पौधरोपण करने के लिए पौधा चाहिए तो वे वन विभाग की नर्सरी से जाकर पौधा ले सकते हैं। इसका कारण कि बारिश के मौसम में पौधे बाहर रखे-रखे खराब हो जाते हैं, जिसकी वजह से पौधे को वितरण करने का निर्णय नर्सरी से लिया गया है।

-विपुल अग्रवाल, डीएफओ
वन मंडल बिलासपुर

---

## चीफ जस्टिस ने किया बाल संप्रेक्षण गृह और मूक बधिर स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने संप्रेक्षण गृह नूतन चौक सरकंडा एवं शासकीय मूक बधिर स्कूल तिफरा का औचक निरीक्षण किया।

■ आवश्यक मरम्मत एवं नवीनीकरण करने कहा

उन्होंने संप्रेक्षण गृह में बारिश के कारण शीलन निर्मित होने से त्वरित आवश्यक मरम्मत एवं नवीनीकरण करने कहा। इसके अतिरिक्त रसोई सुविधा, रोशनी व्यवस्था का निरीक्षण कर शौचालय में टाईल्स बदलने एवं खिडकियों की जाली बदलने के साथ-साथ उचित स्वच्छता मानकों के अनुरूप रखे जाने कहा। चीफ जस्टिस ने किशोर न्याय बोर्ड के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट को पुराने प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने कहा। इसके बाद चीफ जस्टिस ने शासकीय मूक बधिर स्कूल तिफरा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बच्चों से मिलकर भोजन व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली। चीफ जस्टिस द्वारा सप्ताह में एक बार विशेषज्ञ चिकित्सक की ड्यूटी स्वास्थ्य परीक्षण हेतु लगाए जाने भी कहा गया। स्कूल भवन की स्थिति को देखते हुए उचित मरम्मत एवं रखरखाव के साथ रसोई एवं शौचालय में साफ-सफाई एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार न्यायिक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पी.पी.एस एवं प्रोटोकॉल अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

कार्यशाला में 320 युवक-युवतियों को स्टार्टअप की दी जानकारी

## स्वदेशी अपनाने से पूरी होगी विकसित भारत की संकल्पना : अमर




बिलासपुर। स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला और विचार वर्ग में प्रदेश भर के 320 युवा प्रतिभागियों को स्वदेशी, स्वालंबन और उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य करने के लिए मोटिवेट किया गया। कार्यशाला एवं विचार वर्ग में अंतिम सत्र में पूर्व मंत्री विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान एक व्यापक लक्ष्य बना कर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल का नारा देकर स्वदेशी उत्पादों को पुनर्स्थापित करने के अभियान को सूत्रपात कर दिया है। दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुओं पर हमारी विदेशी निर्माता समाप्त होने की दशा में ही विकसित भारत की संकल्पना को पूरा किया जा सकता है।

### युवाओं को उद्यमिता की दे रहे प्रेरणाः सुशांत

विधायक सुशांत ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान युवाओं के सोए हुए स्वाभिमान को जगाने का काम कर रही हैं। आज नौकरियों को रोजगार का रूप दे दिया गया है। उद्यमिता को भूला दिया गया है, लेकिन आज जिस तरह की कार्यशाला की संरचना की गई।

---

एयू सुप्रीम कोर्ट जाएगी या अधिसूचना जारी करेगी

## डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा देने का मामला अधर में

बिलासपुर। डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा मिलने का मामला अभी भी अधर में है। अटल यूनिवर्सिटी डीपी कालेज को आटोनामस का दर्जा दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी या कालेज को आटोनामस देने अधिसूचना जारी करेगी इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

डीपी विप्र कालेज का आटोनामस का मामला अब राज्यपाल तक पहुंच गया है, वैसे भी राजभवन से आटोनामस विषय को लेकर पहले एक बार डीपी कालेज के पक्ष में पत्र जारी हो चुका है। शुक्रवार को राज्यपाल रमेन डेका अटल यूनिवर्सिटी के निरीक्षण करने आए थे तो आशीर्वाद पैनल के छात्र डीपी कालेज मामले में यूनिवर्सिटी पहुंचे थे और उन्होंने राज्यपाल से भी मिलकर इस संबंध में शिकायत की थी। इधर यूनिवर्सिटी डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा देना है कि नहीं इस विषय पर कोई निर्णय नहीं ले पाई है। यह भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि इस मामले को लेकर यूनिवर्सिटी सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी या आटोनामस का अधिसूचना जारी करेगी। इसी माह में हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच से यूनिवर्सिटी की अपील खारिज हो चुकी है। कोर्ट ने सिंगल बेंच द्वारा दर्ज किए गए निष्कर्ष और आदेश को ध्यान में रखते हुए अपने फैसले में कहा कि डीपी विप्र कालेज नैक से मान्यता प्राप्त ए-ग्रेड कालेज है जो वर्ष 1969 से छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। कालेज विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है। यूजीसी ने कालेज को स्वायत्त दर्जा देने के संबंध में 19 जनवरी 2024 को आदेश पारित किया है और संबंधित यूनिवर्सिटी को इस संबंध में अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया है। 30 दिनों की अवधि के भीतर यूनिवर्सिटी द्वारा कुछ भी नहीं किया है जो 1956 के अधिनियम के साथ-साथ कानून के प्रावधानों का उल्लंघन है। हाईकोर्ट से अपील खारिज होने के बाद आशीर्वाद पैनल के छात्रों की भीड़ यूनिवर्सिटी पर दबाव बनाने शुक्रवार को घेराव भी की थी और छात्रों ने आटोनामस का अधिसूचना जारी नहीं होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी है।

---

## श्री शिवम के साथ मनाएं सावन उत्सव और जीतें आकर्षक उपहार




बिजनेस प्लस

बिलासपुर। सावन का महीना उत्साह और उमंग का महीना होता है। प्रकृति के चारों ओर हरियाली छाई रहती हैं। खासकर महिला के लिए यह महीना खुशियाँ लेकर आता हैं।

महिलायों की खुशियों को और बढ़ाने श्री शिवम लेकर आ रहे है सावन उत्सव, जहां सावन के महीने में महिलाएं अपने अपने ग्रुप के साथ विविध आयोजन करेगी। जिसमे सावन गीत में नृत्य, गीत, कविता और रैंप वाक कराया जाएगा। जिस ग्रुप का आयोजन सबसे अलग होगा उस ग्रुप को सावन क्वीन का ताज़ पहनाया जाएगा। साथ ही साथ प्रत्येक ग्रुप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा। सावन उत्सव में जितनी टीम भाग लेंगी सभी ग्रुप से प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं से फाइनल में प्रतियोगिता होगी। उसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय सावन सुंदरी का चुनाव करेंगे । साथ ही जिस ग्रुप की महिलाएं अच्छी तरह अपना बेस्ट परफ़ॉर्मेंस देंगी उसे बेस्ट ग्रुप का सम्मान प्राप्त होगा ।विजयी ग्रुप को 50 हजार रुपए की नकद राशि दी जाएगी। श्री शिवम् द्वारा सावन उत्सव 2025 का आयोजन 17 से 31 जुलाई तक किया जा रहा हैं। जो रोजाना दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगा। जिसमें अलग- अलग ग्रुप की महिलाएं शामिल होकर कार्यक्रम में भाग लेंगी।

कार्यक्रम में शामिल होने वाली प्रत्येक ग्रुप को 16 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करना है। रजिस्ट्रेशन एडप्रयास, ग्राउंड फ्लोर,सत्य साईं प्लाजा,पुराना बस स्टैण्ड में करा सकते हैं। प्रत्येक दिन पहला, दूसरा और तीसरे विजेताओं की घोषणा की जाएगी। जिसमें प्रथम आने वाली टीम को श्री शिवम् की तरफ से नकद 50 हजार रुपए दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन अग्रेसन चौक स्थित श्री शिवम स्टोर में किया जाएगा।

---

एक क्लिक में कहीं से भी मिल सकेगी सारी जानकारी

# सहकारी समितियों को ऑनलाइन करने की तैयारी, कंप्यूटर में दर्ज होगा लेनदेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से होने वाले सारे लेनदेन ऑनलाईन करने की तैयारी की जा रही है। किसानों के खाद, बीज व केसीसी लोन का उठाव करने के बाद यह हिसाब अब सिर्फ रजिस्टर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समितियों द्वारा तत्काल कंप्यूटर में दर्ज भी किया जाएगा, ताकि एक क्लिक करते ही किसी भी समिति की जानकारी प्राप्त की जा सके। इस व्यवस्था के लागू होते ही उच्चाधिकारियों द्वारा समितियों के कामकाज की मॉनिटरिंग भी आसानी से की जा सकेगी।

सहकारी समितियों में होने वाले लेनदेन भी अब अनिवार्य रूप से कंप्यूटर में दर्ज किए जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा वर्तमान वर्ष को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सहकार से समृद्धि योजना के तहत समितियों के कामकाज में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से पैक्स कंप्यूटराईजेशन की दिशा में काम चल रहा है। हालांकि समितियों को ऑनलाईन करने की दिशा में वर्ष 2023 से ही कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, लेकिन यह शत प्रतिशत समितियों तक नहीं पहुंच सका है। जिले में आज की स्थिति में 430 सहकारी समितियां हैं, जिनमें 117 समितियां ऐसी हैं, जो तत्काल कंप्यूटराइजेशन के लिए तैयार हैं। हालांकि विभाग के अधिकारियों ने समितियों के पूरी तरह ऑनलाईन होने में समय लगने की बात कही है। इसके पीछे न केवल समिति स्तर, बल्कि बैंकों में भी पदस्थ अमले का भी प्रशिक्षित नहीं होना बड़ा कारण है।

### पारदर्शिता लाना उद्देश्य

केंद्र प्रवर्तित योजना सहकार से समृद्धि के अंतर्गत पैक्स कंप्यूटराईजेशन की दिशा में काम चल रहा है। इसके अंतर्गत सारी सहकारी समितियों को कंप्यूटरीकृत किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य समितियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना है।

-मंजु महेंद्र पाण्डेय
उप पंजीयक सहकारिता

### घर बैठकर लेनदेन करने वालों को हो सकती है परेशानी

जिले में ऐसे किसानों की संख्या बहुत है, जो बड़े किसान होने के साथ ही शासकीय नौकरी में भी हैं। इनमें से ज्यादातर गृहग्राम से दूर अन्य स्थानों पर निवासरत हैं। इसके अलावा अनेक किसान उम्रदराज होने के कारण भी समितियों में लेनदेन के लिए प्रत्यक्ष उपस्थित नहीं हो सकते। ऐसे किसानों को समितियों द्वारा आवश्यकतानुसार घर पहुंच सेवा भी प्रदान की जाती है। इसके विपरीत लेनदेन की सारी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद किसानों को थंब इंप्रेशन के लिए समितियों में अपनी उपस्थिति देनी ही पड़ेगी, जिससे घर पहुंच सेवा बंद हो जाने की आशंका है। हालांकि विभाग का यह भी कहना है कि इस तरह की दिक्कतों के मद्देनजर लेनदेन के लिए नॉमिनी का विकल्प भी रखा जा सकता है, ताकि बुजुर्ग किसानों के समितियों में आने की बाध्यता न रहे।

---

### प्रदेश के 6 लाख कर्मचारी 16 से करेंगे आंदोलन, 22 को सामूहिक अवकाश

बिलासपुर। प्रदेश के 6 लाख नियमित, अनियमित कर्मचारी और पेंशनर विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन की ओर से बताया गया है कि पहले वे 16 जुलाई को रैलियां निकालेंगे। फिर 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद करेंगे। फेडरेशन की ओर से बताया गया कि प्रमुख मांगों में केंद्र के समान डीए, 2019 से लंबित डीए एरियर्स का भुगतान, वेतन विसंगति की पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना, चार स्तरीय 8,16,24 व 30 वर्ष में पदोन्नत समयमान वेतनमान, शिक्षकों व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान, केशलैस मेडिकल सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति बगैर शर्त लागू हो, 300 दिनों के अवकाश का नगदीकरण, एनपीएस खाते में कटौती तिथि से गणना, पूर्ण पेंशन का पात्रता तय हो, विभागों का सेटअप पुनरीक्षण, सेवानिवृत्ति 65 साल हो, दैनिक वेतनभोगी का नियमितीकरण हो। अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रखेंगे। संघ द्वारा इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। कर्मचारी संगठनों ने सरकार के खिलाफ कमर कस ली है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## रावतपुरा सरकार भक्त मंडल ने किया सुंदरकांड का पाठ

**बिलासपुर।** गुरु पूर्णिमा पर श्री रावतपुरा सरकार भक्त मंडल बिलासपुर द्वारा दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर जेल रोड में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। जिसमें प्रकाश तिवारी ने संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ व



भजन कीर्तन किया। श्री सदगुरु देव भगवान के पादुका का महा अभिषेक, पूजन कर आरती की गई। अंत में सभी भक्तों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया। यह भव्य कार्यक्रम धर्मेंद्र टेंभुर्णिकर व विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रवीण शुक्ला, सुरेश सिंह, अनुराधा सिंह, मधु सूद, करुणा वर्मा, सरिता मिश्रा, गीता बल्लेवार, विजय स्वर्णकार, प्रदीप तिवारी, प्रवीण कोचर, संदीप, मनोज शुक्ला, राजेश पांडेय, दिलीप तिवारी सहित जिले से आए भक्तगण सपरिवार उपस्थित रहे।

पौधरोपण

## रासेयो ने लगाए बरगद व बादाम के पौधे, लिया सुरक्षा का संकल्प



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना माई भारत एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पीएनएस महाविद्यालय ने रविवार को अरपा साईड सेंदरी में पौधरोपण किया। डॉ मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक, प्राचार्य डॉ एसके शर्मा, डॉ सीमा सिन्हा ने बरगद जो कि विविध गुणों से भरपूर होता है, के तीन पौधे लगाए। कार्यक्रम अधिकारी मोना केंवट एवं स्वयंसेवक दीपिका केसर, अलका कंवर ने बादाम का पौधा उद्यान में रोपण कर इसे सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ शंकर यादव, भुवन वर्मा, योगेश गुप्ता सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

कार्यक्रम

## गुरु पूर्णिमा पर बच्चों ने किया नृत्य, गीत, कविता पाठ

**बिलासपुर।** गुरु पूर्णिमा पर राजकिशोर नगर स्थित केशर अटल आवास तथा तीनों ब्लाक के संयुक्त तत्वावधान में अटल आवास महिला समन्वय समिति द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष डॉ गोपाल चन्द्र मुखर्जी एवं वरिष्ठ शिक्षिका नमिता घोष



के संयोजकत्व में वहां के बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, कविता पाठ किया गया। बच्चों ने संयुक्त स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एकल नृत्य एवं संयुक्त नृत्य में भारत नाट्यम, राजस्थानी व छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य शामिल रहा। अंत में डॉ गीता त्रिपाठी डायरेक्टर एवं कैप्टेन आर. के.त्रिपाठी, मैनेजिंग डायरेक्टर कर्नल अकादमी ऑफ रेडिएंट एजुकेशन मंगला, प्रमोद तिवारी सचिव राजकिशोर नगर समन्वय समिति के सौजन्य से 50 बच्चों को लेखन सामग्री वितरित की गई। मंच संचालन जमुना लोधी व ऐसा आली एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ गोपाल चन्द्र मुखर्जी ने किया।

आयोजन

## महिलाओं ने युगल नृत्य पेश कर गाया भजन



**बिलासपुर।** मनवा कुर्मी बिलासपुर इकाई की महिलाओं ने विवेकानंद उद्यान में हरेली तिहार को हरे-भरे वातावरण में उल्लास से मनाया। इस दौरान युगल नृत्य, शिव भजन के साथ सावन पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की गई। हरेली तिहार थीम पर तंबोला खेला गया। पर्यावरण को विशेष ध्यान में रखकर डिस्पोजल एवं पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की शपथ ली गई। सुपर मॉम गेम 30 सेकंड खेल का सभी ने जमकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में उषा वर्मा, सीमा कश्यप, ज्योति वर्मा, मनीषा नायक, मिथिलेश, अनिता, तेजस्वरी, राधा, आशा, सत्या, विजयलक्ष्मी, पुष्पा, संगीता, रश्मि वर्मा, सरिता नायक, पुष्पलता, किरण नायक, निशा वर्मा, मिथलेश, शकुंतला, मधु, निशा, ओमिशा, ममता, संगीता एवं झरना वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# संस्कार व विचार परिवर्तन से भारत को पुनः आध्यात्मिक गुरु बनाने संकल्प

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तोरवा बिलासपुर में पहली बार संत महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें आध्यात्म द्वारा श्रेष्ठ समाज की स्थापना विषय पर भारत के विभिन्न स्थानों से आए हुए संत, विद्वानों ने अपना वक्तव्य रखा। साथ ही संस्कार एवं विचार परिवर्तन द्वारा भारत को पुनः आध्यात्मिक गुरु बनाने संकल्प लिया गया।



अध्यात्म द्वारा श्रेष्ठ समाज की स्थापना विषय पर तोरवा में संत सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का उद्घाटन परमात्मा शिव के ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत भाषण में राजयोगी नारायण भाई ने संस्कार एवं विचार परिवर्तन द्वारा भारत को पुनः आध्यात्मिक गुरु बनाने संकल्प लिया। महामंडलेश्वर आचार्य कमल किशोर ने आध्यात्मिक जागरण द्वारा स्वर्णिम भारत का निर्माण करने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजयोगी रामनाथ भाई ने कहा कि मनजीत जगजीत अर्थात हमें अपने मन को जितना होगा। हमारा सुख या दुख का कारण



हमारे मन की स्थिति है। जिसे हम अपने आध्यात्मिक जागृति द्वारा ही श्रेष्ठ बना सकते हैं। स्व-परिवर्तन से विश्व परिवर्तन होगा। मध्यप्रदेश से आईं साध्वी प्रज्ञा भारती ने विश्व में शांति स्थापना हेतु आध्यात्मिक जागरण के लिए ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अथक प्रयासों की सराहना की एवं इसका अनुसरण करने का आह्वान किया। गौरेला पेंड्रा से आए स्वामी परमानंद गिरी ने पुनः रामराज्य की संकल्पना के लिए अध्यात्मिकता को जीवन में धारण करने को कहा। अन्य संत महात्माओं ने विश्व में शांति स्थापना हेतु पुनः आध्यात्मिक जागरण का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न सेवा केंद्रों की प्रमुख राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दीदियां रमा दीदी, मंजू दीदी, स्वाती दीदी ने अपनी शुभकामनाएं दी।

### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राजयोगी ब्रह्माकुमार रामनाथ भाई मुख्यालय को-ऑर्डिनेटर धार्मिक प्रभाग, आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर, अध्यक्ष दिव्यशक्ति अखाड़ा उत्तरप्रदेश, आचार्य श्रीवत्स महाराज अयोध्यधाम उत्तरप्रदेश, कथावाचक किशोरी आराध्या शर्मा भिलाई, स्वामी परमात्मानंद गिरि गौरेला पेंड्रा, त्यागी प्रेमदास महराज ब्रह्म बाबा मंदिर बिलासपुर, राजयोगी ब्रह्माकुमार गोविंद भाई मीडिया प्रभाग ज्ञान सरोवर माउंटआबू, राजयोगिनी लक्ष्मी दीदी कटनी, राजयोगी नारायण भाई जोनल को-ऑर्डिनेटर, इंदौर जोन, ढाल सिंह बिलासपुर, साध्वी प्रज्ञा भारती मध्यप्रदेश, महापौर पूजा विधानी की सहभागिता रही।

## चातुर्मास प्रारंभ, क्रांतिनगर मंदिर में मंगल कलश स्थापना

**बिलासपुर।** संत शिरोमणि 108 आचार्यश्री विद्यासागर, महामुनिराज नवाचार्य 108 श्री समयसागर महाराज, आर्यिका श्री 105 आदर्शमति माता, आर्यिका श्री 105 दृढ़मति माता के आशीर्वाद से रविवार को चातुर्मास के प्रथम दिवस चातुर्मास मंगल कलश की स्थापना श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर क्रांति नगर में की गई।

आर्यिका श्री 105 अनर्घमति माता, स्वाध्यायमति माता, समयमति माता, 105 साकारमति माता, आर्यिका श्री स्वस्थमति माता के सानिध्य में कलश स्थापना दमोह से आए प्रतिष्ठाचार्य डॉ आशीष जैन के मुखरवाणी से की गई। कलश यात्रा मंदिर की एक परिक्रमा कर वापस क्रांति नगर मंदिर पहुंची। इस दौरान मंगलाष्टक, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाठशाला के बच्चों द्वारा मंगलाचरण, आचार्यश्री का विशेष पूजन, शास्त्र भेंट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, माताजी की मंगल देशना एवं मंगल कलश स्थापना की गई। दीप प्रज्वलन करने का सौभाग्य बिलासपुर संभाग के संभागायुक्त सुनील जैन सपरिवार को मिला। पूज्य अनर्घमति माता के मुखार बिंदु से आचार्यश्री विद्यासागर समय सागर की विशेष पूजा की गई।



**इन्होंने की कलश स्थापना**

चातुर्मास का प्रथम मंगल रजत कलश स्थापित करने का सौभाग्य श्रीमंत सेठ प्रवीण शकुन जैन व उनके परिवार, द्वितीय रजत कलश श्रीमंत सेठ विनोद रंजना जैन परिवार, तृतीय रजत कलश श्रीमंत सेठ प्रमोद सविता जैन परिवार, अरिहंत कलश राकेश सुनीता जैन परिवार एवं सिद्ध कलश स्थापित करने का सौभाग्य रोशन लाल आनंद कुमार जैन परिवार भिलाई को मिला। इस कलश से प्राप्त राशि प्रतिभा स्थली को ज्ञान दान के रूप में भेजी जाएगी। आचार्य कलश स्थापित करने का सौभाग्य डॉ. सुप्रीत श्रुति जैन परिवार, उपाध्याय कलश सनत आशा जैन परिवार एवं साधु कलश स्थापित करने का सौभाग्य देवेंद्र सुमन जैन परिवार को मिला। कलश जुलूस में अनिता जैन, कु. भावना, किरन, प्रीति, सुमन, ज्योति, अंजनी, रेखा जैन शामिल थे।

यह पूजा बिलासपुर समाज के ट्रस्टी, चातुर्मास प्रबंधन समिति, क्रांतिनगर, सन्मति विहार व सरकंडा महिला मंडल, लौकांतिक देव युवा मंडल, नैवेद्यम समूह, कोरबा एवं भाटापारा समाज, साठ वर्ष से ऊपर वाले श्रावकों ने जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप, फल, अर्घ चढ़ाकर किया।

कार्यक्रम में विनोद जैन, सनत, सुकमाल जैन, सुभाष श्रीश्रीमाल, श्रीकांत, प्रवीण जैन, रेशू, मनोज, संदीप, मनीष, संजय, विजय, अनिल, वीर कुमार, जयकुमार जैन, सुरेंद्र मालू, चंद्र प्रकाश बोथरा, शकुन जैन, साधना, माधवी, दीपक जैन, प्रवीण कोचर, अभिनव डाकलिया, रजनीश जैन, विशाल, कमल, अमित, अंशुल जैन, रूपेश गोलछा, प्रभाष जैन, डॉ प्रकाश वासल, शुभम जैन, सुप्रीत, पराग, अमरेश जैन सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

आर्य समाज वसुंधरा विहार का साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग

## वेदों में सभी को मिलकर चलने का है उपदेश

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को आयोजित साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम में मुख्य यजमान रोहित अंजलि पटेल ने विवाह की पहली वर्षगांठ यज्ञ कर मनाई। श्रद्धा पटेल ने ईश्वर भक्ति का भजन प्रस्तुत किया।



आर्य समाज के संरक्षक अरविंद गर्ग ने बताया कि वैदिक गुरुकुल शिक्षा प्रणाली से लोग धार्मिकता के साथ वैज्ञानिक भी बनते हैं। साऊथ में गुरुकुल का पढ़ा बालक वैज्ञानिक बना है। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि आज कल सबसे ज्यादा ईश्वर के नाम पर भक्तों में झगड़ा हो रहा है। इसका कारण ईश्वर को ठीक-ठीक न जानना और मानना है। पहले हमारे यहां गुरुकुल की शिक्षा प्रणाली में गुरु शिष्य के प्रश्नोत्तर शैली में सत्य सत्य का ठीक-ठीक निर्णय लिया जाता था। शास्त्रार्थ होते थे। शास्त्रार्थ में जो निर्णय होता था सभी को ही मान्य होता था। यह राजनीतिक व्यवस्थाएं होती थी। आर्य समाज वसुंधरा विहार द्वारा दो दिवसीय शिविर लगा कर प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। वेद ईश्वर का उपदेश है। वेदों में सभी को प्रेम से मिलकर चलने व मनुष्य बनो का उपदेश दिया गया है। संगठित होने के लिए पुनः वेदों की ओर लौटना होगा। इस मौके पर आशीष बत्रा, माखनलाल नागदेव, विक्की केंवट, उदय राजपाल, हीरा चंद्रा, जितेंद्र पटेल, भवानी शंकर सराफ, दुखभंजन जायसवाल, पवन मोहता, देवकुमार यादव सपरिवार उपस्थित रहे। आर्य समाज के मंत्री बसंत देवांगन ने मंच संचालन किया। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने बताया कि आर्य समाज वसुंधरा विहार की ओर से सभी को सनातन वैदिक परंपराओं से अवगत कराने जल्द ही दो दिवसीय लघु गुरुकुल शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## सरकंडा में पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक अभिषेक

**बिलासपुर।** संजय हाइट्स सरकंडा के रहवासियों ने रविवार को सामूहिक पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक कराया। इसमें आचार्य पं. दिनेश पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इस आयोजन में मुख्य रूप से विनचुरकर, मिश्रा व समुद्र परिवार सहित सूरत कौर व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।





## महिलाओं ने शिव पूजा कर किया जलाभिषेक

**बिलासपुर।** माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने रायपुर सिमगा स्थित शिव मंदिर जाकर जलाभिषेक किया। पूजन, आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं पूरे सावन महीने में शहर के शिवमंदिरों में जाकर पूजन कर समाज, देश की उन्नति व शांति की प्रार्थना करेंगे।घर में भी बेलपत्र अर्पित करेंगे। शिव नाम का जप किया जाएगा। शिव पूजा में ज्योति, नीता, ममता सुजिता, सरिता, मीना आदि सखियों ने भाग लिया।



कार्नर न्यूज

## रिम-झिम सावन की बूंदों से हर्षित अवनि, अंबर..

ब्रम्ह वनिता एवं परशु सेना की बहनों ने कजरी गायन- रिम, झिम सावन की बूंदों से, हर्षित अवनि, अंबर..की प्रस्तुति के साथ सावन का स्वागत किया। कवयित्रियों ने सावन पर आधारित अपनी रचनाएं पढ़ी। पंचुअलटी का इनाम मीनू दुबे, नीतू तिवारी को मिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साहित्यकार डॉ शोभा त्रिपाठी ने पर्यावरण एवं अपनी संस्कृति को समृद्ध बनाने एकता पर जोर दिया एवं अपनी रचना- कुलंकसा, मचल उठी है श्वेत धार हर्षिता.. की प्रस्तुति दी।

कवियित्री डॉ संगीता बनाफर, अध्यक्ष सहर समता मंच ने अपनी रचनाओं से नारी शक्ति को जीवंत किया। डॉ सुनीता मिश्रा, डॉ रश्मि लता मिश्रा, कवियित्री रेणु बाजपेई ने भी अपनी रचनाएं पढ़ी। संस्था की संरक्षिका मीनू दुबे ने सावनी आयोजन का संचालन किया।

**ब्राम्हण बहनों ने कजरी का गायन कर किया सावन का स्वागत**



**गीतों की दी प्रस्तुति** – मीनू दुबे, अर्चना तिवारी, रश्मि शुक्ला, संजना मिश्रा, अंबुज पांडेय, कविता, विनीत मिश्रा, ममता त्रिपाठी, ममता मिश्रा, संगीता तिवारी, संगीता शर्मा, साधना दुबे ने कजरी का गायन कर माहौल को छत्तीसगढ़ीमय बनाया।

हरित वस्त्रों से सजी बहनों के मध्य हास्य से भरपूर गेम में प्रथम नीतू तिवारी, द्वितीय संजना मिश्रा, तृतीय ममता त्रिपाठी, चौथा संगीता, पांचवा संगीता तिवारी, छठवां अर्चना तिवारी एवं सातवें स्थान पर हंसा रही।

## चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट ने पौधरोपण कर मनाया ग्रीन संडे

चर्च ऑफ़ख्राईष्ट निर्वाचित प्राचीन समिति पास्टर सुदेश पॉल समूह ने सीएमडी चौक स्थित चर्च प्रांगण में रविवार को ग्रीन संडे के रूप में मनाया। प्राचीन सभा, महिला सभा, जवान सभा, मेंस फैलोशिप, पास्टर व एल्डरों ने चर्च प्रांगण में फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही अच्छी बारिश व खुशहाली की कामना की गई।

**बिलासपुर।** पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह एक पेड़ अवश्य लगाए। इसी परिप्रेक्ष्य में चर्च के सदस्यों ने पेड़ लगाकर अपने कर्तव्यों का पालन किया। सदस्यों ने हरे कलर के वेश में चर्च आए। ग्रीन संडे का संचालन राकेश पॉल व , बाइबिल का पठन प्रवीण जैसल ने किया। प्रार्थना में अगुवाई मंजू निशा, एंजेलिना पॉल , ज्योति वालेस और सुलक्षणा बहादूर ने की। ग्रीन संडे पर मधुर वचन सीनियर पास्टर सुदेश पॉल ने प्रचारित किया और बताया कि धर्मशास्त्र बाइबिल में सृष्टि निर्माण के तीसरे दिन परमेश्वर ने हरी हरी घास छोटे-छोटे पेड़ प्रत्येक जाति के बीच और फलदाई वृक्ष अपनी-अपनी प्रजाति के अनुसार उगाए। उन्होंने बताया कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलता है। मिट्टी के कटाव को रोकता है। पर्यावरण को हरा-भरा बनाता है। इसकी छाया में राहगीर विश्राम पाते हैं। इमारती लकड़ियां प्राप्त होती है। इससे रसीले और मीठे फल प्राप्त होता है।

**अच्छी बारिश व सभी के खुशहाल होने की गई कामना**



**ये रहे मौजूद** : इस मौके पर विल्सन, अरविंद कुमार, सनी, मुकेश, पास्टर शामुएल वालेस, राहुल, नॉर्मन, सालोमान, अजय सिंह, सीरिल, शशांक, आयुष, जेरल, मनीष, योगेश, रक्षित, रूपम, आकर्षण, बोल्डी, कुणाल कुमार, विवेक, अमित, अमन, स्वप्निल, सुनीता, शीबा, मार्ग्रेट, अरुणा, सरिता, मधुबाला, मीनू, श्वेता, एंजेलिना, प्रीति, रूत बारा, श्वेता, सुनीता, रीना, रेनू, शोभा, प्रेरणा, आस्था, जेनिफर, प्रिया, निवेदिता, अनुष्का, स्वाति, जेनेलिया, संजना, विनिका की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### व्यास पीठ से बताई भगवान शिव के जन्म की कथा



**बिल्हा।** यातायात नगर वार्ड क्रमांक 9 परसदा में संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा, पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय मंत्र जाप का आयोजन किया जा रहा है। इस धर्म प्रसंगमय कथा का वाचन आचार्य श्याम दुबे के सानिध्य में हो रहा है। 13 जुलाई रविवार को कथा में सृष्टि वर्णन, भक्ति प्रसंग एवं भगवान शिव के जन्म की कथा का रसपान कराया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु जनों ने भाग लिया और आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान दीपक कौशिक एवं कौशिला कौशिक हैं। आयोजन को सफल बनाने में भागवत परिवार सेवा समिति एवं समस्त नगरवासी परसदा का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्रों ने लगाए विभिन्न प्रकार के पौधे



**करगीरोड कोटा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोबरीपाट में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पीपल, बरगद, चंदन सहित अनेक प्रकार के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश तिवारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि पूरे मानव जीवन के लिए अमूल्य हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने से शुद्ध हवा मिलती है, जलवायु संतुलित रहती है, मिट्टी का कटाव रुकता है और वन्य जीवों को आवास भी मिलता है। इसके अलावा पेड़ हमें फल, फूल और लकड़ी जैसे बहुपयोगी संसाधन भी प्रदान करते हैं। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर पौधों की सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया।

### वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ सलीम का किया गया स्वागत



**सीपत।** रविवार को लुतरा शरीफ में आयोजित राज्य स्तरीय हाजी हज्जनों के भव्य सम्मान समारोह में शामिल मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज का नवाडीह चौक पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व सुन्नी मुस्लिम जमात झलमला के सदर सैय्यद मकदूम अली ने किया। स्वागत में शामिल क्षेत्र के मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल-मालाओं, बुके, पटाखों व नारों के साथ अतिथि का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान पूरा नवाडीह चौक स्वागत समारोह में बदल गया और समाज में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सैय्यद मकदूम अली, सहमद खान, हाफिज जिआउल हक, मोहम्मद शकील , गफ्फार, शहनवाज मेमन, मुस्तफा खान, यूनुस खान, शेख अजीज बशीरुद्दीन, शेख फिरोज एवं इमरान अली सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। डॉ सलीम राज ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आपसी भाईचारे, एकता और समाज के उत्थान पर बल दिया।

### प्रधान पाठक की सेवानिवृत्ति पर किया गया सम्मान



**पेंड्रा।** माध्यमिक शाला धनगवां के प्रधान पाठक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर 12 जुलाई 2025 शनिवार को संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धनगवां सरपंच कमला मेश्राम सहित विशेष अतिथि आरपी गुप्ता, सार्थक गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही अन्य अतिथियों में संतोष सोनी बीआरसीसी गौरेला, निरुपमा नामदेव प्रभारी प्राचार्य, पूर्व सेवानिवृत्त अमर सिंह भानू, भूतपूर्व सरपंच रीता सिंह, कवल सिंह, नारायण मेश्राम, भारत सिंह राठौर प्रधान पाठक मिडिल स्कूल ललाती, पंकज कौशिक सीएसी ललाती, राम चंद्र राठौर प्रभारी प्रधान पाठक मिडिल स्कूल धनगवां, राजकुमार सिंह प्रधान पाठक प्राथमिक शाला धनगवां, करण सिंह श्याम प्रधान पाठक प्राथमिक शाला गांधीनगर, अनुपमा गुप्ता प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ललाती , विद्या राठौर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला देवराज पारा, विजयश्री पैकरा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सरकारी पारा, नीता राय शिक्षक, सुलेखा पैकरा, अनीता कंवर, तारावती श्याम, प्रतिमा पटेल, मिलास पैकरा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मनहरण सिंह पोर्ते एवं प्रीति गुप्ता ने विदाई गीत प्रस्तुत किया एवं राम चंद्र राठौर ने श्री गुप्ता का जीवन परिचय प्रस्तुत की गई।

## चलने लायक नहीं रही सीपत से लीलागर नदी तक की 14 किमी सड़क

# सीपत-बलौदा की बदहाल सड़क पर सफर बना जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

बिलासपुर से कोरबा, जांजगीर और रायगढ़ को जोड़ने वाले सीपत-बलौदा मुख्य सड़क अब यात्रियों के लिए रास्ता नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का अड्डा बन गई है। सीपत से लीलागर नदी तक की 14 किमी सड़क इस कदर जर्जर हो चुकी है कि यहां से गुजरने वाले राहगीरों को हर कदम पर जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। गड्ढों से पटी सड़क पर दुपहिया वाहनों का चलना मानो मौत को दावत देने जैसा है। खांडा के कोलवाशरी मोड़ और धनिया के भौराडीह चौक जैसे कई खतरनाक मोड़ हादसों का गढ़ बन चुके हैं।

### 11 साल पहले बना था मार्ग, तब से मरम्मत नहीं

इस मार्ग का निर्माण वर्ष 2014 में 17.60 लाख रुपए की लागत से हुआ था, लेकिन इसके बाद से मरम्मत के नाम पर न तो कोई पहल हुई, न ही कोई ठोस काम। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क की हालत अब पूरी तरह बदहाल हो चुकी है।

### स्थानीय व्यापारी बोले- गाड़ी निकालते वक्त डर लगता है

जांजगीर जिले के चंदनिया निवासी सब्जी व्यवसायी हरिशंकर लहरे ने कहा कि हर दूसरे दिन बिलासपुर मंडी से माल लेकर लौटता हूं, लेकिन सड़क की हालत देखकर हमेशा डर बना रहता है कि कहीं गाड़ी पलट न जाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी आंखों के सामने कई वाहन हादसे में उलटते देखे हैं।




सीपत से बलौदा जाने वाली जर्जर सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे।

### दरगाह के श्रद्धालु भी बेहाल

सीपत से 10 किमी दूर स्थित लुतरा शरीफ की दरगाह तक रोज सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें भी इसी जर्जर रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिसमें कई श्रद्धालु चोटिल हो चुके हैं। लोग पूछ रहे हैं कि जब यह सड़क धार्मिक और व्यावसायिक दृष्टि से इतनी अहम है, तो अब तक ध्यान क्यों नहीं दिया गया।

### 22 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पाले में

लोक निर्माण विभाग बिलासपुर के कार्यपालन अभियंता सीएस विंध्यराज ने जानकारी दी कि सीपत से लीलागर तक 14 किमी नई सड़क के लिए 22 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। फिलहाल, जिन जगहों पर हालत बेहद खराब है, वहां अस्थायी सुधार कार्य कर चलने लायक बनाया जाएगा।

### जनता का सवाल, कब मिलेगा ठोस समाधान

क्षेत्र की जनता, व्यापारी और श्रद्धालु अब प्रशासन से सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि एक्शन की मांग कर रहे हैं। सवाल है कि क्या यह सड़क किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है या अब शासन-प्रशासन नींद से जागेगा।

# बाल अधिकार व संरक्षण हमारा दायित्वः राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उमा विद्यालय में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा बाल जागरूकता एवं चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश केवरा राजपूत, थाना प्रभारी टीएस नवरंग, थाना उप निरीक्षक शिवकुमार साहू, नायब तहसीलदार राकेश सिंह, सीडीपीओ स्मिता शुक्ला, सीडीपीओ सुरुचि श्याम महिला एवं बाल विकास विभाग, सूरज साहू परिवहन विभाग सुविधा केंद्र प्रभारी एवं प्राचार्य आशा दत्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था की छात्राओं ने आकर्षक पारम्परिक लोकनृत्य कर्मा के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

■ कन्या शाला में बाल जागरूकता एवं चेतना कार्यक्रम

न्यायाधीश केवरा राजपूत ने सभी छात्राओं को महिला उत्पीड़न कानून, पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। थाना प्रभारी टीएस नवरंग ने बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में विस्तार पूर्वक समझाकर जागरूक किया। परिवहन विभाग ने 16 वर्ष की छात्राओं का बिना गेयर वाली स्कूटर का लर्निंग लाइसेंस बनाया। साथ ही सूरज साहू ने यातायात नियमों की जानकारी देकर सभी छात्राओं को जागरूक किया।

प्राचार्य आशा दत्ता ने भी सभी बच्चों को उनके अधिकार और कर्तव्य के बारे में जानकारी देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में उन्होंने अतिथियों का आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता डॉ रामबाबू गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग से व्याख्याता श्रीकांत साहू, डॉआरबीगुप्ता, निर्मला बंजारे, रक्षा दुबे, रंजना गंधर्व, मनोजनी भानू, अजीत गेरा, पंकज गंधर्व, गौरी शंकर साहू, शारदा मिश्रा, संकुल समन्वयक राजकुमार कोरी, रामकुमारी यादव, लक्ष्मी प्रसाद, अजीत यादव, दीपक यादव, मोहनमती राज आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय नवीन पाठ्य पुस्तक प्रशिक्षण संपन्न



प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल शिक्षक।

**पेंड्रा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेण्ड्रा में कक्षा 6वीं हेतु पांच दिवसीय नवीन पाठ्य पुस्तक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। नई शिक्षा नीति के तहत नवीन सत्र से कक्षा 6वीं में तीन नई पाठ्य पुस्तकें कौशल बोध, खेल यात्रा एवं कृति सम्मिलित की गई हैं।

इन नवीन पुस्तकों से विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक और व्यावसायिकता का विकास करने का लक्ष्य है। साथ ही विद्यार्थियों में नैतिकता और संवेदनशीलता की वृद्धि भी होगी। इन नवीन पाठ्य पुस्तकों के परिचय और शिक्षण दक्षता के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण रायपुर में आयोजित किया गया, जहां प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षकों ने जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया। डाइट के अंतर्गत तीन जिले संचालित होते हैं, जिसमें हिन्दी के लिए मुंगेली से मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार कमलेश, बिलासपुर से मास्टर ट्रेनर सूर्यकांत वाजपेई तथा जीपीएम से मास्टर ट्रेनर विनोद कुमार राय ने उक्त प्रशिक्षण संपन्न किया। अंग्रेजी विषय में मास्टर ट्रेनर के रूप में बसंत कुमार भार्गव बिलासपुर से, डी भार्गव जीपीएम, दुर्गेश कुमार धृतलहरे मुंगेली, संस्कृत विषय से मोहनलाल साहू बिलासपुर, बीरसिंह कंवर मरवाही ब्लॉक एवं जीपीएम से मालिकराम काशीपुरी ने अपना योगदान दिया। इस प्रशिक्षण में बताया गया कि नवीन पाठ्य पुस्तकों में हिंदी की नवीन पाठ्य पुकस्तक मल्हार, संस्कृत की दीपकम तथा अंग्रेजी की पूर्वी नाम से प्रकाशित हुई है। प्रशिक्षण में इन पुस्तकों की विषय वस्तु पर परिचर्चा की गई एवं शिक्षण प्रक्रिया पर बात करते हुए गतिविधियां कराई गईं। उक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण में कला शिक्षा, योग शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा के लिए एक-एक कालखंड निर्धारित किया गया। कला शिक्षा के अंतर्गत श्वेता तिवारी द्वारा भारत की सांस्कृतिक विविधता, नवरस कविता, मुखौटे द्वारा प्रदर्शन, बांस कला, पुतली कला आदि की प्रस्तुति की गई।

# खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने चंद्राकर, कबड्डी को मानते हैं साधना



समारोह में उपस्थित नागरिक।

**सीपत।** ब्लॉक कबड्डी संघ मस्तूरी के तत्वावधान में सीपत क्षेत्र के ग्राम हरदाडीह की धरती रविवार को उस समय गौरवान्वित हो उठी, जब कबड्डी खेल के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले और वर्षों तक खिलाड़ियों को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ शिक्षक एवं ख्याति प्राप्त कबड्डी प्रशिक्षक अवधराम चंद्राकर का सेवानिवृत्ति उपरांत भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

प्रभारी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी बिलासपुर के पद से सेवामुक्त होने के बाद यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसमें चंद्राकर सर को कबड्डी संघ मस्तूरी की ओर से पुष्पहार, स्मृति चिन्ह, और सप्रेम भेंट भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ कबड्डी महासंघ के महासचिव प्रदीप यादव, मस्तूरी कबड्डी संघ के अध्यक्ष रेवाशंकर साहू, कार्यकारिणी अध्यक्ष कपिल नारायण पटेल, संरक्षक कीर्तन मरावी, ग्राम पंचायत हरदाडीह के सरपंच मंगलराम नेताम, उपसरपंच रविकांत पटेल, ग्राम गतौरा से जनपद सदस्य देवी कुर्रे सहित कबड्डी संघ के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे। अपने सम्मान से भावुक हुए अवधराम चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी मेरे लिए सिर्फ खेल नहीं, बल्कि साधना रही है। वर्षों तक बच्चों को खेल सिखाते सिखाते मैंने खुद को गढ़ा है। यह सम्मान मेरे लिए नहीं, उन हजारों खिलाड़ियों के लिए है जो मिट्टी में लोटकर अपने भविष्य की इमारत गढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी युवाओं से कहना चाहता हूं कि वे खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, इससे आत्मविश्वास, नेतृत्व और सम्मान सब प्राप्त होता है। कार्यक्रम में कबड्डी संघ मस्तूरी के समस्त पदाधिकारियों ने एक स्वर में चंद्राकर के मार्गदर्शन को अमूल्य बताते हुए भविष्य में उनके अनुभव से लाभ लेने की बात कही।

### व्याख्याता संघ सहित तीन संघों की बढ़ी मान्यता

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार कर्मचारी संघ की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रदेश के कर्मचारी संगठनों को मान्यता प्रदान करती है। इसके तहत कर्मचारी संघ कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए शासन से पत्राचार करती है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त विभागों को मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पत्रों का जवाब देना अनिवार्य किया है। समय-समय पर सरकार कर्मचारी संघ की मान्यता में वृद्धि करते रहती है, इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ की मान्यता को 23 जनवरी 2026 तक बढ़ाया गया है। वर्तमान में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तीन कर्मचारी संघ की मान्यता में वृद्धि की गई है, जिसमें एक संघ छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ भी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा और प्रवक्ता जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि व्याख्याता संघ एकमात्र प्रतिनिधि संगठन है जो पूरे प्रदेश में प्राचार्य एवं व्याख्याताओं के लिए समय-समय पर मांगों के निराकरण व समस्याओं को शासन के सामने रखता है और उसका निराकरण करने के लिए पूरा प्रयास करता है।

# पंजाब नेशनल बैंक में मेगा कृषि जागरूकता कार्यक्रम




कार्यक्रम में उपस्थित बैंक के अफसर व नागरिक।

**रतनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक की रतनपुर शाखा ने एक परिवर्तनकारी मेगा कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य प्रबंधक महेंद्र उपस्थित थे। साथ ही शाखा प्रबंधक महेश्वर प्रधान, ऋण अधिकारी चित्रंजन साहू, कृषि अधिकारी सत्य प्रकाश शुक्ला, राजेंद्र देवर और रतनपुर की समर्पित टीम ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को 18 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र सौंपे गए, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला। मुख्य प्रबंधक महेंद्र ने ग्राहकों के सवालों का स्पष्टता के साथ समाधान किया, वहीं शाखा प्रबंधक महेश्वर प्रधान ने पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई और एपीवाई जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाई। सत्य प्रकाश शुक्ला ने 10 लाख रुपए तक के बिना जमानत एसएचजी ऋण और एसएचजी, केसीसी, और एआईएफ जैसी योजनाओं के बारे में शानदार ढंग से जानकारी दी। 100 से अधिक एसएचजी सदस्यों, बैंक मित्रों और ब्लॉक कार्यालय एवं विभिन्न गांवों से आए एफएलसीआरपी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफल रहा।

■ एसएचजी को 18 लाख रुपए स्वीकृत

## धर्मनगरी रतनपुर में बिजली की आंख मिचौली जारी

# बिजली कटौती से जनता परेशान, आंदोलन की चेतावनी

**रतनपुर।** बिजली की आंख-मिचौली से नगर के साथ-साथ आसपास के लोग परेशान हैं। रात हो या दिन, किसी भी समय बिना सूचना के बिजली गुल कर दी जाती है। इससे आम लोगों को तो परेशानी हो हो रही है, व्यवसायियों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। विडंबना यह है कि बिजली विभाग के अधिकारी इसके लिए अन्य केंद्रों की जिम्मेदार बताकर अपने हाथ खड़े कर देते हैं। भरी गमी में बिजली गुल की समस्या से दो-चार होने के बाद बारिश के मौसम में भी इसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के मौसम में कीड़े मकोड़े व सांप-बिच्छू निकलते ही रहते हैं, ऐसे में यदि रात में लाइट गुल हो जाए तो खतरा बढ़ सजाता है। नगरवासियों को इन दिनों ऐसी ही समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। दिन व रात कई बार बिजली सप्लाई बंद कर दी जा रही है। इस संबंध में बिजली विभाग केअधिकारी कभी तो दूसरी जगह सप्लाई बंद होने का हवाला देकर पर पल्ला झाड़ लेते हैं।

### बार-बार मेंटेनेंस, फिर भी सुधार नहीं



-क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के पूर्व भीषण गर्मी में मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद कर कार्य कराए जाते हैं। कभी पेड़ों की छंटाई तो कभी तार बदलने के नाम से बिजली बंद कर दी जाती है। गर्मी के दिनों में परेशान करने वाला बिजली विभाग अब बारिश के दिनों में रुला रहा है। तीन अलग अलग स्थानों में बिजली सप्लाई होने के बाद भी घंटों अघोषित कटौती करना समझ से परे है। इस संबंध में बिजली विभाग के इंजीनियर का सीधा जवाब यही रहता है कि यहां से बिजली सप्लाई नहीं की गई है। यह कटौती मोपकर, कोटा में हो रही है। इसमें स्थानीय स्तर पर कुछ नहीं किया जा सकता। साथ ही लोगों का कहना है कि बिजली बंद करने का कोई समय नहीं है, यदि इसका शेड्यूल तय कर दिया जाए तो उसके अनुसार प्लानिंग कर लोग कार्य करें।

### हल्की सी हवा चलने पर ही बिजली गुल

- नगर में बिजली व्यवस्था का यह हाल है कि हल्की सी हवा चलने पर ही बिजली गुल हो जाती है, जबकि मेंटनेस के नाम पर गर्मी के दिनों में घंटों बिजली सप्लाई बंद कर कार्य कराए जाते हैं। उसके बाद भी कभी तार पर पेड़ों को डालियां गिरने, तो कभी किसी और कारण बताकर बिजली गुल कर दी जाती है। सबसे अधिक समस्या शाम या रात को बिजली नहीं रहने से होती है। व्यवसायियों का तो व्यवसाय भी पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। अब तो नागरिकों ने बिजली विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरने की तैयारी कर ली है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दे दी है।

# विद्युत वितरण केंद्रों में स्टॉफ की कमी

**तखतपुर।** तखतपुर उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले विद्युत वितरण केंद्रों में स्टाफ की भारी कमी के कारण आम जनता को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तखतपुर शहरी वितरण केंद्र, तखतपुर ग्रामीण वितरण केंद्र, देजा, जरहागांव तथा बरेला जैसे कुल पांच वितरण कार्यालय बरेला केंद्र से संचालित किए जा रहे हैं।

वर्तमान में केवल एक सहायक अभियंता और तीन जूनियर इंजीनियर कार्यरत हैं, जो इस विस्तृत कार्यक्षेत्र की अपेक्षा अत्यंत अपर्याप्त हैं। विद्युत वितरण का पूरा प्रबंधन मुंगेली संभाग पर आश्रित है, जिससे स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने में भी कठिनाई होती है। सबसे बड़ी परेशानी तब होती है जब मौसम खराब होता है, खासकर बरसात के दिनों में। इस दौरान फ्यूज कॉल्स की संख्या बढ़ जाती है, परंतु कॉल सेंटर में भी पर्याप्त स्टाफ न होने के कारण सेवा में अत्यधिक देरी होती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने विभाग से मांग की है कि तखतपुर क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए यहां स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि समय पर बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा सके। विभागीय स्तर पर भी इस मुद्दे को लेकर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है ताकि आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके।

## खबर संक्षेप



### भारत माला प्रोजेक्ट की फोरलेन सड़क क्षतिग्रस्त

**कोरबा।** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बन रही फोरलेन सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में हुई बारिश से तरदा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। सथानीय ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के क्षतिग्रस्त होने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लोग इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। वाहनों का आवागमन भी शुरू नहीं हुआ है। फिर भी सड़क की हालत खराब होती जा रही है। लोगों को चिंता है कि भविष्य में यह कोई बड़ा हादसा का कारण बन सकता है। कुछ क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के मुद्दों के कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही है। निर्माण स्थल पर जाम और धूल की समस्या से लोग परेशान हैं। चांपा मुख्य मार्ग पर यह समस्या ज्यादा गंभीर है। बारिश के मौसम में जाम की स्थिति और भी बिगड़ जाती है।

### चक्काजाम करने वाले दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों पर जुर्म दर्ज

**कोरबा।** जिले के ग्राम पंचायत मदनपुर में पिछले 6 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे परेशान ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार शुक्रवार को फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने बिलासपुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर उतरकर चक्काजाम कर दिया था। करीब आधा घंटे तक हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप रहा, जिससे सैकड़ों वाहन चारपहिया गाड़ियां, यात्री बसें और दोपहिया वाहन फंसे रहे। लंबा जाम लगने से परेशान यात्रियों ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। सूचना मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा और बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। इसके साथ ही यातायात बाधित होने और यात्रियों की शिकायतों के आधार पर कटघोरा पुलिस ने 12 से ज्यादा ग्रामीणों पर केस दर्ज किया है।

## निधन

### डा. नीरज कुमार शेंडे



**बिलासपुर।** सिम्स के डाक्टर डा. नीरज कुमार शेंडे का 10 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जुलाई को सुबह 11. 30 बजे उनके निवास अशोक नगर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास बिरकोना रोड से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कांता शेंडे के पुत्र, उषा शेंडे के पति, पंकज शेंड के भाई, रिदम और सरगम के पिता, डा. यशवंत शेंड, शिवकुमार शेंड के भतीजे, यादव गजभिए के भांजे थे।

### डॉ. नरेन्द्र राय



**बिलासपुर।** ग्राम रुमगा मरवाही निवासी डॉ नरेन्द्र राय का निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 14 जुलाई को उनके गृह ग्राम में दोपहर 12 बजे होगा। वे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा विभाग)के उपाध्यक्ष थे। अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव एवं छत्तीसगढ़ में प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों पर रहे।

### चंदनलाल गुप्ता



**बिलासपुर।** देवनंदन नगर निवासी चंदनलाल गुप्ता का 13 जुलाई को निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 14 जुलाई को सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे सुरेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता एवं प्रभा गुप्ता के पिता थे।

## हादसे में किसी को गम्भीर चोटें नहीं आई

# एटीआर के बीहड़ में यात्री बस पलटी रेस्क्यू कर लोगों को निकाला गया



केंवची मार्ग पर पलटी बस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

एटीआर के केंवची मार्ग पर छपरवा और तिलईडबरा के बीच में बेंदरा माड़ा के पास बिलासपुर से डिंडौरी के बीच चलने वाली केपिटल यात्री बस सीजी 10 जी 1432 देरशाम मोड़ में अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसें लगभग दर्जन भर यात्री घायल हो गए। बस में बस में करीब 25 यात्री सवार थे, जिसमें घायलों को स्थानीय प्रशासन व एसडीएम अजित पुजारी के नेतृत्व में पुलिस की सहायता से बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को शाम 5 बजे वायरलेस से एटीआर के एसडीओ संजय लूथर के माध्यम से एसडीएम अजीत पुजारी को सूचना मिली कि एक यात्री बस पलट गई है। सूचना पर स्थानीय प्रशासन ने त्वरित एक्शन लेते हुए घटनास्थल पर 5 एंबुलेंस उपलब्ध कराया। गौरतलब है कि जिस स्थान पर यात्री बस हादसे की शिकार हुई वहां बीहड़ है, जहां लोगो का आवगमन कम होता है। साथ ही इस जगह पर मोबाईल नेटवर्क भी काम नहीं करता। दुर्घटनाग्रस्त बस से निकलने के बाद कुछ यात्री स्वयं से लिफ्ट आदि के माध्यम से बिलासपुर की ओर निकल गए। बाकी अन्य 17 यात्रियों को खाना खिलाकर एम्बुलेंस के माध्यम से रात 11 बजे बिलासपुर रवाना किया गया। हादसे में किसी को गम्भीर चोटें नहीं आई, प्रशासन की त्वरित सहायता से लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। फील्ड में एसडीएम अजीत पुजारी एवं सहयोगी तहसीलदार शेखर पटेल, नायब तहसीलदार सीपी सोनी, जनपद सीईओ जीपीएम, बीएमओ डॉ जीएस दाउ, थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव, सत्येंद्र पूरी गोस्वामी, खुड़िया रेंजर लमनी ने लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की।

## ई रिक्शा व बाइक में टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

**लोरमी।** ग्राम अखरार मुख्य मार्ग पर 13 जुलाई रविवार को एक ई-रिक्शा एवं बाइक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक डिंडौरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अखरार मुख्य मार्ग पर दोपहर 2.30 बजे एक ई-रिक्सा एवं बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्सा पलट गया एवं बाइक चालक दूर जा गिरा एवं गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ई रिक्सा चालक फरार हो गया, वहीं घायल युवक को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया, लेकिन उसने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान बिलासपुर सकरी थाना क्षेत्र ग्राम लाखासार निवासी मनीष 21 वर्ष पिता लीलाराम अनंत के रूप में की



गई। गौरतलब है कि उक्त मार्ग में अंदर बीते 24 घंटे में 2 बड़े हादसे में दो ग्रामीणों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की। चौकी प्रभारी लखीराम नेताम ने बताया कि ई-रिक्शा एवं बाइक के बीच हुए हादसे में बाइक सवार युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

## नशे में धुत कार चालक ने सयकल, स्कूटी व कार को मारी टक्कर

**तखतपुर।** आर्टिका कार चालक ने नशे की हालत में लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए सायकल सवार, दुपहिया वाहन और कार को ठोकर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलासपुर की ओर से आ रही आर्टिका कार सीजी 10 बीएस 1667 का चालक शराब के नशे में धुत था और वाहन पर उसका कोई नियंत्रण नहीं था। वाहन जैसे ही लिदरी मोड़ के पास पहुंचा तो उसने एक सामने की ओर से आ रही सायकल सवार को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ा एवं पालिटेक्निक कॉलेज के पास कार को ठोकर मारकर भागने लगा। इसी दौरान उसने मोढ़े मार्ग के पास स्कूटी को टक्कर मार दी जिसमें स्कूटी सवार युवक बलराम जोशी पिता स्व दुकालू जोशी उम्र 25 वर्ष निवासी जरहाभाठा



बिलासपुर को गंभीर चोंट आई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पुलिस ने आर्टिका कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



## सावन का पहला सोमवार आज, गूंजेगा हर-हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

हिंदू धर्म के पावन महीना सावन की शुरूआत 11 जुलाई से हो गई है। सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है, जिसके लिए शिवालयों में तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। शिव आराधना को पवित्र माह सावन का भक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता है। सावन सोमवार को भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा।

इस बार सावन में 4 सोमवार पड़ेंगे एवंत अलग-अलग सोमवार को फूलों, बेल पत्तों, केला पत्तों से शंकर भगवान का मनमोहक श्रृंगार होगा। शिव आराधना का महीना शुरू होने के पूर्व शिवालयों में पूजा-अर्चना की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर की साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य पूर्ण हो गया है। शहर के मल्हापारा स्थित शंकर मंदिर में सावन झूला उत्सव के साथ सावन सोमवार के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए टेंट लगाया गया हैं। महामाया मंदिर, स्थित शंकर मंदिर सोनारपारा स्थित शंकर मंदिर समेत अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर तैयारियां की गई हैं। सेतगंगा में शिव आराधना का पवित्र मास सावन के प्रथम दिवस से ही अद्वितीय, पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक, प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा मे बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक कर उनका आशीर्वाद लेंगे। सावन मास प्रारंभ होते ही शिव भक्त कावड़यि बोल बम, बम-बम भोले का उद्घोष करते हुए सड़कों पर नजर आने लगे हैं। श्रद्धालु गंगा जल, भंग, भस्म, लाल चंदन, रुद्राक्ष, आंक के फूल, धतूरे के फल, बेल पत्र, शमी पत्र, दूध, चांवल, कनेर का फूल सहित अन्य सामग्री से पूजा कर भोलेनाथ को प्रसन्न करने मनोवांछित फल की कामना करेंगे।

## सुशांत ने किया भरारी स्कूल के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

**भरारी।** शास उमा विद्यालय भरारी ब्लॉक बिल्हा में 12 जुलाई को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य आतिथ्य में नवीन अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण एवं शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बिल्हा बीईओ सुनीता ध्रुव, देवी चंद्राकर सर, विधायक प्रतिनिधि नीरज पांडेय, सरपंच प्रतिनिधि विनय शुक्ला, एसएमडीसी अध्यक्ष शेष नारायण साहू, मनीष कौशिक जी मंडल अध्यक्ष, लक्ष्मी सिन्हा मंडल महामंत्री, दिलहरन साहू प्रतिनिधि जनपद सदस्य, मनोज पटेल विधायक प्रतिनिधि, सुशील धीवर, श्रवण धीवर, सौरभ शुक्ला, परदेशी साहू एसएमसी अध्यक्ष प्राथमिक




कार्यक्रम में शामिल विधायक सुशांत शुक्ला।

शाला भरारी आदि मौजूद रहे। संस्था प्राचार्य डॉ अर्चना तिवारी ने स्वागत भाषण में शाला की उपलब्धियां विधायक के सामने रखते हुए पूर्व में की गई मांग को पूरा करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने शाला की कुछ अन्य मांगों को भी विधायक के समक्ष रखा। छात्र छात्राओं की संख्या को देखते हुए शाला में कृषि संकाय की खोलने की मांग की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे शाला परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हर्ष कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कक्षा 5वीं, 8वीं,10वी एवं 12वीं में शाला में प्रथम आने वाले बच्चो को सम्मानित किया। इसके बाद 'एक पेड मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अर्चना तिवारी, प्रधापाठक पूर्व माध्यमिक खंड ज्योति मिश्रा, प्रधान पाठक प्राथमिक खंड संतोष साहू, अशोक साहू, संकुल समन्वयक भरारी संजय यादव, सिंघरी समन्वयक संतोष कुमार पात्रे एवं स्टाफ के समस्त लोग उपस्थित थे। अंत में प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया।

## शिवराम ने ग्रहण किया मस्तूरी बीईओ का प्रभार

### साथ मिलकर एक मजबूत टीम वर्क के साथ काम करेंगे: टंडन

**सीपत/मस्तूरी।** शिक्षा क्षेत्र में अनुशासन, समर्पण और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध शिवराम टंडन को विकासखंड मस्तूरी के बीईओ का प्रभार सौंपा गया है। यह नियुक्ति स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर की ओर से जारी आदेश के तहत जिला कलेक्टर बिलासपुर के निर्देशानुसार की गई। इससे पहले श्री टंडन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार को उन्होंने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया, जहां उनके स्वागत में मस्तूरी शिक्षा जगत में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखा गया।

प्रभार ग्रहण के दौरान उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, अनुशासन और समन्वय की मिसाल कायम करना है। हम सभी प्रधान पाठकों, शिक्षकों, संकुल समन्वयकों और विभागीय साथियों के साथ मिलकर एक मजबूत टीम वर्क के साथ काम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय दिशा-निर्देशों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और हर निर्णय विद्यार्थियों के हित में लिए जाएंगे। नए बीईओ के पदभार ग्रहण करने की सूचना मिलते ही स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्य,



प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षक संगठन, ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक समन्वयक संघ सहित अनेक शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों ने श्री टंडन को मिष्ठान एवं पुष्पगुच्छ भेंट उनका स्वागत किया। क्षेत्र के लोगों को उनसे उम्मीद है कि वे अपने अनुभव और नेतृत्व से मस्तूरी को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर ले जाएंगे।




## सेवानिवृत्त व्याख्याताओं को दी गई विदाई

**मुंगेली।** शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय छटन में सेवानिवृत्त व्याख्याता केपी डाहिरे एवं दयालु दास मानिकपुरी का विदाई समारोह का आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एडी अंचल ने बताया कि हमारे विद्यालय के व्याख्याता एवं लिपिक सेवानिवृत हुए हैं।

विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया एवं विदाई दी गई। परिवर्तन प्रकृति का नियम है, शिक्षक को भी अपने जीवन में शिक्षकीय कार्य के पश्चात जीवन समाज के अन्य क्षेत्रों में भी योगदान के लिए तैयार होना पड़ता है। शिक्षक कभी अपने जीवन में कार्यों से अलग नहीं होता है। जीवन पर्यंत वह समाज की सेवा में लगा रहता है। 40 वर्षों तक उन्होंने अध्यापन कार्य किया। इसी तरह दयालुदास मानिकपुरी बहुत ही शांत, सरल, स्वभाव के रहे। इस अवसर पर प्रधान पाठक जय सिंह मरकाम, बलदाऊ साहू, झमेश पटेल, उमाकांत मिरी, मोहन उपाध्याय, अशोक सियारे, अमीन सोनवानी, लालाराम घृतलहरे, सुषमा गुप्ता, कमल सिंन्हा, रविंद्र गुप्ता, राजकुमारी बंजारे, हेमचंद्र बारमते, लुकेश पाटले, जेठू साहू, संतोष सप्रे सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल देवरीखुर्द में हुआ कार्यक्रम

# मां के नाम पौधे लगाने से हमेशा रहेगा जुड़ाव: धर्मजीत

**तखतपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल देवरीखुर्द में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए।

विधायक डॉ धरमजीत सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के लिए देशभर में पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम शुरू किया गया है। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना का जिक्र करते हुए बताते हैं मां का लगाव सभी के साथ अधिक रहता है और अपनी ममता की छाया हमेशा प्रदान करती है। इस भाव से पेड़ लगाए जाने से हमारा प्रेम उस मां रूपी वृक्ष के साथ सदैव बना रहेगा। ऐसी भावना हमें वृक्ष की देखभाल के लिए प्रेरित करेगी और उसे कटने से भी बचाएगी। इससे हम पृथ्वी को हरा भरा एवं स्वस्थ रखने के दायित्वों




पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल धर्मजीत सिंह।

का निर्वहन कर पाएंगे। विद्यालय में फलदार एवं छायादार पौधरोपण कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक अकलतरा चुन्नी लाल साहू, जनपद सदस्य मनहरण लाल कौशिक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक, देवरीखुर्द पंचायत के सरपंच राम कुमार कौशिक, राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा के जिला समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा, स्माइल वेलफेयर की फाउंडर एवं एसएमडीसी की अध्यक्ष नीरू बिष्ट, संस्था प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद को लेकर हत्या के फरार 4 आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** पुरानी रंजिश एवं जमीन विवाद को लेकर हत्या कर फरार होने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं थाना फास्टरपुर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 (1), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही अपचारी बालक को न्यायालय पेश किया गया।

दामापुर थाना फास्टरपुर-सेतगंगा निवासी अश्वनी महिलांग 11 जुलाई को सुबह लगभग 6 से 7 बजे के बीच अपने पिता दरेश महिलांग के साथ अपने निजी खेत गए हुए थे। एक दिन पूर्व 10 जुलाई को गांव के शैलेन्द्र महिलांग, लाभो महिलांग, सूरज महिलांग एवं 1 अपचारी बालक के साथ दरेश महिलांग का पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर वे सभी पहले से अपने खेत के पास मौजूद थे। दरेश महिलांग के वहां पहुंचते ही सभी युवक उनसे विवाद करते हुए बोले कि तुम खेत के पानी को जाने



नहीं देते हो, बांध देते हो। ऐसा कहते हुए युवकों ने तब्बल, लाठी एवं कुदाल से दरेश पर प्राण घातक हमला कर दिया। गया। अश्वनी ने अपने पिता का बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी, जिससे डर कर वह घर भाग गया एवं घटना की जानकारी परिवार को दी। इस पर परिवार वाले घटना स्थल पहुंचे तो दरेश महिलांग बेहोशी की हलत में खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला एवं सभी आरोपी मारपीट कर वहां से भाग गए थे। दरेश महिलांग को बेहोशी हालात में ईलाज कराने जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## बीआरजी ने लिया नवीन पाठ्यपुस्तक पर प्रशिक्षण

**लोरमी।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मंशानुरूप कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्यक्रम हिंदी मल्हार, संस्कृत संदीपन, अंग्रेजी पूर्वी पर आधारित बीआरजी का 5 दिवसीय प्रशिक्षण 8 से 12 जुलाई तक डाइट पेंड्रा में आयोजित हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिक्षक उमाशंकर सिंह राजपूत ने बताया कि मुंगेली, बिलासपुर एवं जीपीएम जिले के सभी विकासखंड से कुल 90 प्रशिक्षणार्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें लोरमी विकासखंड से 9 बीआरजी सम्मिलित हुए। वे सबी यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने विकासखंड में प्रशिक्षण देंगे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान, शिक्षकों ने विभिन्न शिक्षण विधियों जैसे कि समूह कार्य, परियोजना-आधारित शिक्षा



और डिजिटल शिक्षण उपकरणों का उपयोग करना सीखा। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्यक्रम में नए आयाम जोड़े गए हैं। इसमें कला, खेल, योग और व्यायाम को भी शामिल किया गया है। इनके लिए अलग पाठ्यपुस्तकें तैयार की गई हैं, जो बच्चों को रोचक लगेंगी। पाठ्यक्रम में बच्चों के आसपास की चीजों और गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। पूरा पाठ्यक्रम गतिविधि आधारित व बच्चों के लिए आकर्षक परिवेशीय चित्रों व उदाहरणों से सुसज्जित है। इससे बच्चों में कल्पना, जिज्ञासा और रुचि बढ़ेगी। यह उनके शारिरिक, मानसिक, भावनात्मक और सांस्कृतिक विकास में मदद करेगा। निश्चित ही नवीन पाठ्यक्रम बच्चों के लिए लाभप्रद होगा, कौशलों को प्राप्त करने के लिए कारगर होगा। 5 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सभी बीआरजी ने पूरे उत्साह, रुचि, पूरे मन, ऊर्जा के साथ भाग लिया। बीआरजी उमाशंकर राजपूत, प्रदीप राजपूत, मनोज पाटले, सत्यनारायण तिवारी, संजय कौशिक, संजूलता खूंटे, सत्यप्रकाश मानिकपुरी, संजय जायसवाल एवं रोहित यादव ने पूरी तन्मयता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ओम प्रकाश शुक्ला पिता रामेश्वर प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम कोनी, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत कर निर्देश दिये जाने पर यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने परिवर्तित भूमि एवं भवन स्वामी अनिल कुमार देवांगन पिता नारायण प्रसाद देवांगन निवासी शांता भोजनालय के पास, जूना बिलासपुर, बिलासपुर छ.ग.) की परिवर्तित भूमि स्थित ग्राम सरकण्डा, प.ह.नं. 32, नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत शास्त्री नगर वार्ड नं. 56, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की खसरा क्र. 501/12, रकबा 1449 वर्गफुट, परिवति शीट नं. 24 / 2, प्लाट नं. 404, परिवर्तित लगान रु. 152.00, जिसकी चौहद्दी पूर्व में चौहान का मकान, पश्चिम में अमित सिंह का मकान, उत्तर में पाण्डेयजी का मकान दक्षिण में निस्तारी रास्ता है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है। उक्त भूमि के स्वानित्व एवं कब्जे पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 3 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। मेरा पक्षकार अविलम्ब उक्त भूमि का बिक्री पत्र पंजीयन करावेगा। 3 दिवस के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नहीं होगा। सूचना जाने। बिलासपुर (छ.ग.)
दि. 13.7.2025

भवदीय
प्रशांत गुप्ता (अधिवक्ता)
भाजपा कार्यालय के सामने, करबला रोड, पुष्पांजली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मोबाईल 9303060003

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. - 00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202425400107900329

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी जे आर पिल्ले पिता/पति के आर पिल्ले पता-सा पुराना सरकंडा बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1039/10 (0.0180) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता उषा कसेर पिता/पति-नवल कसेर पता-पुराना सरकंडा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार: Rahul Sharma
Tahsil-Bilaspur

**आम सूचना**

मैं अपने कार्यार्थी मोहम्मद शकील पिता मरहूम मोहम्मद शफी निवासी शकील टेंट हाउस रमजानी चौंक, तालापारा जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि, मेरे कार्यार्थी ने श्री विकास अग्रवाल पिता श्री एम.के.अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक 48 लोधीपारा सरकंडा तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में स्थित ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. भूमि खसरा क्रमांक 1799/2 रकबा 0.03832 हेक्टेयर भूमि एवं खसरा क्रमांक 99/3 रकबा 0.1130 हेक्टेयर भूमि के अंश भाग को क्रय करने का लिखित अनुबंध कर उसे विक्रय प्रतिफल मूल्य की अग्रिम राशि का भुगतान कर दिया है तथा शीघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये तत्पर एवं तैयार है।

यदि उक्त भूमि के विक्रय से किसी शासकीय, अर्धशासकीय, अशासकीय व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समय व्यतित होने के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं मेरा कार्यार्थी भूमि का विक्रय पत्र पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना पत्र से जन सामान्य अवगत हों।
बिलासपुर दिनांक 14 .07 .2025

भवदीय
विवेक सिंह ठाकुर अधिवक्ता
महाराणा प्रताप सांस्कृतिक भवन के सामने अरविंद नगर सरकंडा तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9827111681

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

समक्ष......................
स्थान ......................
मामले का विषय अभिलेख सुधार बाबत्।
मामला क्रमांक अ-6अ सन 2025
देवानंद साहु विरूद्ध राधेलाल

**दावा**

श्री राधेलाल पिता का नाम गुनाराम निवास स्थान यादव नगर तिफरा तहसील बिलासपुर

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 14 माह 07 सन 2025 को दिन के 11:00 बजे स्थान अति.तह. बिलासपुर पर होगी।

तारीख 04 माह 07 सन् 2025

मुहर

राजस्व अधिकारी....
पदनाम....

## खबर संक्षेप

### दुर्ग-हटिया स्पेशल चलेगी 1 अक्टूबर तक



**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को देखते हुए दुर्ग से हटिया के बीच सप्ताह में दो दिन चलने वाली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार करने का निर्णय लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 08185/08186 हटिया से दुर्ग और दुर्ग से हटिया के बीच चल रही द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा 27 जून तक दी गई थी। इस ट्रेन में लगातार यात्रियों की भीड़ चल रही थी। कई लोगो की ओर से दुर्ग से हटिया के बीच चल रही द्विसाप्ताहिक ट्रेन के परिचालन में विस्तार करने मांग की थी। इस मांग को देखते हुए 27 जून तक चलने वाली हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 27 फेरों का विस्तार करते हुए एक अक्टूबर तक कर दिया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक और विपरीत दिशा में 08186 दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2 जुलाई से 1 अक्टूबर तक किया जाएगा।

### आतिशबाजी से 10 वर्षीय बालक झुलसा



**बिलासपुर।** छट्ठी कार्यक्रम में की गई आतिशबाजी से देवरीखुर्द निवासी 10 वर्षीय बालक झुलस गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार की है। जानकारी के अनुसार देवरीखुर्द निवासी गिरोद का 10 वर्षीय बालक सन्नी मोहल्ले में खेल रहा था, इस दौरान उनकी नजर छट्ठी में बिना फूटे पटाखे पर पड़ी, अज्ञानतावश वह उसे उठा लिया। इस दौरान वह पटाखें की चपेट में आने से झुलस गया। पिता ने बालक को सिम्स में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज जारी है।

### करंट लगने से ड्राइवर की मौत

**बिलासपुर।** ट्रक धोने के दौरान ट्रांसफार्मर के डीपी की चपेट में आने के बाद ड्राइवर की मौत हो गई है। गंभीर अवस्था में उसे सिम्स लगाया गया जिससे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। घटना रविवार की सुबह 6 बजे की है। जौनपुर उत्तरप्रदेश निवासी राहुल यादव पिता सुरेश यादव ट्रक ड्राइवर है, वह रविवार की सुबह अपनी ट्रक धो रहा था। कोनी थाना क्षेत्र के गतौरी के पास पांडेय रोड लाइन गैरेज में उसकी ट्रक खड़ी थी, इस दौरान वह प्रेसर से गाड़ी धो रहा था, प्रेसर का पानी पास में लग ट्रांसफार्मर की डीपी में चला गया, जिसकी चपेट में आने से राहुल पूरी तरह से झुलस गया। उसे उसके चचेरे भाई सूरज यादव ने सिम्स पहुंचाया लेकिन डाक्टरों ने प्राथमिक जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले में मृग कायम कर शव का पीएम कराया है।

---

**हजारों युवाओं के भविष्य और सपनों का सवाल** | 2018 में हुई परीक्षा को पूरे होने में लग गए थे सात साल, युवा कर रहे मांग

# 14 सालों में सिर्फ एक बार हुई सब इंस्पेक्टर की भर्ती परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के सपने पर सरकार एक तरह से कुठाराघात कर रही है। 2018 की एक परीक्षा को छोड़ दी जाए तो पिछले 14 सालों में एक भी भर्ती परीक्षा नहीं ली जा सकी है।

युवाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ में पिछली एसआई भर्ती 2011 में आई थी, जिसे अब 14 वर्ष हो चुके हैं। इसके बाद भर्ती प्रक्रिया में लगातार देरी होती रही है। यदि हर दो साल में भी भर्ती होती तो सात बार परीक्षा ली जा चुकी होती और 2 हजार से अधिक पदों पर युवा सपनों को पूरा करते हुए नौकरी कर रहे होते। युवाओं का कहना है कि इन वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। वे मांग कर रहे हैं कि उम्र सीमा में कटौती की बजाय कोविड-19 के कारण अन्य राज्यों की तरह आयु सीमा बढ़ाई जाए। मध्य प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में कोविड के मद्देनजर आयु सीमा बढ़ाकर 36 वर्ष कर दी गई है। इसलिए छग में भी आयु सीमा को बढ़ाकर 36 वर्ष किया जाए, ताकि अधिक उम्मीदवार इसमें शामिल हो सकें। यही नहीं सामान्य वर्ग के युवाओं का कहना है कि अब नई भर्ती में एक वर्ष की कटौती कर दी गई है, जिससे हजारों उम्मीदवार परीक्षा देने से वंचित हो रहे हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पिछली सब इंस्पेक्टर भर्ती वर्ष 2018 में निकाली गई थी।

इस भर्ती को लेकर कई विवाद हुए और कोर्ट-कचहरी के साथ ही कोविड-19 महामारी के चलते इसे पूरा करने में सात वर्ष लग गए। यहां यह भी ध्यान रहे कि 2018 की भर्ती के लिए उम्र सीमा सामान्य वर्ग के लिए 34 वर्ष निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद, भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में सात साल लग गए। इस दौरान, 2024 में नई सब इंस्पेक्टर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई, जिसमें 341 पदों पर भर्ती की घोषणा हुई। लेकिन इस बार सामान्य वर्ग की अधिकतम आयु सीमा घटाकर 33 वर्ष कर दी गई। इस फैसले से हजारों उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो गए हैं।

### 2012 में ग्रेजुएशन तो एक बार ही मिला मौका

युवाओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने एसआई भर्ती को लेकर हमेशा लापरवाही दिखाई है। पहले 2018 की भर्ती में देरी, फिर 2024 की नई भर्ती में उम्र सीमा घटाकर सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए। युवाओं ने यह भी कहा है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना उग्र प्रदर्शन करेंगे। युवाओं के मुताबिक यदि कोई युवा 2012 में स्नातक होता है तो उसे सिर्फ 2018 में सिर्फ एक बार भर्ती परीक्षा का मौका मिला होगा। यह केवल उनके अधिकारों की बात नहीं है, बल्कि हजारों युवाओं के भविष्य का सवाल है।

### एक- दो महीने के अंतर से बाहर हो गए सैकड़ों

इसके साथ ही सामान्य युवाओं ने उम्र सीमा में कटौती के फैसले पर नाराजगी जताते हुए इसे अन्यायपूर्ण बताया है। दरअसल राज्य सरकार द्वारा 341 पदों पर एसआई भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया है। इसमें सामान्य वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 34 वर्ष से घटाकर 33 वर्ष कर दी गई है। इस कारण हजारों उम्मीदवार सिर्फ एक दो महीने के आयू के अंतर से बाहर हो गए हैं। इसके विरोध में प्रदेश भर के युवाओं ने गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस फैसले को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही कहा गया है कि 2018 की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में सात साल लग गए। यह भर्ती समय पर पूरी हो जाती, तो वे इस नई भर्ती में शामिल होने के लिए योग्य होते।

---

एसएसपी ने सरकंडा थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली

# जशपुर से पहुंची थीं युवतियां, आधुनिक इलेक्ट्रानिक डिवाइस कैसे और कहां से आए, इसकी जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता के पदों पर ली गई भर्ती परीक्षा में हाइटेक नकल का मामला सामने आने पर बिलासपुर से लेकर रायपुर और प्रदेश भर में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने सरकंडा थाने पहुंचकर मामले की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को गंभीरता से जांच करने कहा है।

- बिलासपुर से लेकर रायपुर और प्रदेश भर में हड़कंप मचा

दोनों युवतियां जशपुर से परीक्षा देने आई थीं। परीक्षा देने वाली छात्रा की उत्तर पुस्तिका पर लाल निशान लगाकर उसे अलग रख लिया गया है। इस पूरे मामले में बिलासपुर के आटो चालक और जशपुर के कार चालक की सतकर्ता सबसे अधिक काम आई जिन्होंने इसकी जानकारी एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को दी। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है कि आखिर जशपुर की इन युवतियों के पास इतने महंगे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस कैसे और कहां से आए।

बता दें कि लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता के 113 पदों पर भर्ती के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई थी। परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक थी। इस दौरान बिलासपुर शहर के सरकंडा स्थित शासकीय रामदुलारे बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा मुक्तिधाम में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां एक छात्रा परीक्षा देने आई थी और बाहर उसकी दोस्त एक आटो में बैठकर उसे वॉकी-टॉकी के जरिए सवालों के जवाब बता रही थी। परीक्षा दे रही छात्रा ने अपने ऊपरी कपड़ों में कैमरा छिपा रखा था।

कैमरे का फ्लैश बाहर बैठी दोस्त के मोबाइल पर आ रहा था। बाहर बैठी दोस्त अंदर परीक्षा दे रही छात्रा के पास रखे मोबाइल पर सवाल देखकर गूगल पर जवाब सर्च कर रही थी और वॉकी-टॉकी के जरिए अंदर छात्रा को बता रही थी। इसी दौरान छात्र संगठन एनएसयूआई से जुड़े दो युवकों विकास सिंह और मयंक सिंह गौतम ने बाहर बैठी छात्रा के दोस्त को नकल करवाते हुए पकड़ लिया।



बिलासा कन्या महाविद्यालय से परीक्षा देकर बाहर निकलते युवक-युवतियां।

### परीक्षा रद्द करने की उठी मांग

नकल प्रकरण का यह मामला व्यापम की ओर से आयोजित की जा रही परीक्षा व्यवस्था को सवालों के घेरे में ला दिया है। लिहाजा एनएसयूआई ने परीक्षा प्रभारी और नकल करने वाले अभ्यर्थियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई नीरज पांडे का कहना है कि परीक्षा में इस तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बेहद खतरनाक संकेत है। इस दौरान छात्र नेताओं ने परीक्षा केंद्र में जमकर हंगामा किया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्र नेताओं का कहना है परीक्षा में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है। लिहाजा, व्यापम को इस परीक्षा को रद्द करनी होगी। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने की बात की जा रही है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या परीक्षा केंद्र की सुरक्षा इतनी कमजोर थी कि हाईटेक नकल आसानी से हो गई।

### आटो किराए पर लिया

सुबह 10:00 बजे जैसे ही परीक्षा शुरू हुई नकल करने का सिलसिला शुरू हो गया। परीक्षा केंद्र में बैठी हुई थी प्रश्न पत्र की फोटो कैमरे के सहारे बाहर भेज रही थी और बाहर बैठी युवती आईपैड और गूगल के माध्यम से उसका उत्तर बता रही थी। जैसे ही इसकी जानकारी कार चालक को मिली उसने आपत्ति की और कार से उतार दिया। कार में बैठी युवती अनुराधा बाई ने इसके बाद ऑटो चालक को रुकवाया और परीक्षा के बाद अपनी सहेली के साथ स्टेशन जाने की बात कही। आटो चालक ने ग्रामीण परिवेश की युवती को वॉकी-टॉकी से बात करते हुए देखा तो संदेह हुआ। उसने इसकी जानकारी एनएसयूआई कार्यकर्ता विकास ठाकूर और मयंक गौतम को दी। इससे पहले कार चालक भी इसी बारे में बता चुका था। पूछताछ में आटो में बैठी युवती हड़बड़ाने लगी। जांच करने पर युवती के पास से एक लैपटॉप, आईपैड, मोबाइल के साथ ही कैमरे, प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें भी मिली हैं।

### भागने की कोशिश की युवतियों ने

परीक्षा दे रही लड़की अंदर कैमरा लेकर बाहर आई। अपनी दोस्त को छात्र नेताओं से घिरा देख वह घबरा गई और डर के मारे भागने लगी। उसने चिल्लाकर अपनी दोस्त को भी भागने को कहा। छात्र नेताओं ने वहां मौजूद अन्य लड़कियों और छात्राओं की मदद से परीक्षा दे रही लड़की को पकड़ लिया। उसे वापस परीक्षा केंद्र लाया गया और केंद्राध्यक्ष और परीक्षा ड्यूटी पर मौजूद लोगों को सूचित कर लड़की की तलाशी लेने को कहा गया। महिला परीक्षकों द्वारा की गई तलाशी में लड़की के अंतर्वस्त्रों पर टेप से चिपका हुआ एक कैमरा और एक माइक मिला।

### गिरोह के कुछ सदस्यों ने मदद की

नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर एके खलको के मुताबिक परीक्षा केन्द्र क्र. 1309 - शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरकंडा में इस तरह का मामला पकड़ा गया। कक्ष क्रमांक 7 में परीक्षार्थी रोल नंबर 13091014, कु. अन्नु सूर्या, पिता - कलेश्वर राम द्वारा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए परीक्षा कक्ष में तलाशी ली गई। इस पूरे मामले में पूरी जानकारी जो निकल कर सामने आ रही उसके मुताबिक दोनों युवतियां जशपुर की हैं। बिलासपुर आने के लिए कार स्विफ्ट डिजाइर बुक किया। इसी के सहारे वे बिलासपुर पहुंची। यह भी जानकारी मिल रही है कि एक गिरोह के कुछ सदस्यों ने उनकी मदद की। कार चालक को इस दौरान नहीं मालूम था कि युवतियां इस तरह का कोई नकल करने वाली हैं।

---

# संदिग्ध अवस्था में मौत, पत्नी ने छिपाया मृतक का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजकिशोर नगर निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। 11 जुलाई को सरकंडा थाने पहुंची महिला ने खुद को मृतक की पत्नी बताया और सूचना दी, लेकिन इस दौरान महिला ने मृतक का नाम गलत दर्ज कराया। पुलिस को मामला संदिग्ध प्रतीत होते ही पंचनामा की कार्रवाई के दौरान आसपास के लोगों से जानकारी ली गई इस दौरान मृतक का नाम दर्ज नाम से भिन्न मिलने के बाद अधिकारियों के माथे पर बल पड़ने लगा। मामले में जांच जारी है।

- मामले की जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि सूचनादाता मीरा तिवारी शुक्रवार को थाने पहुंची, उसने बताया कि उसके पति अभिषेक तिवारी पिता जीवन तिवारी उम्र 36 वर्ष की मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची। इस दौरान घर का दृश्य संदिग्ध था। पुलिस ने आसपास के लोगों से बातचीत की, तो पता चला कि मृतक का नाम अभिषेक तिवारी नहीं है, जिसके बाद अधिकारियों का माथा ठनक गया। पुलिस ने सूचक पत्नि से पंचनामा के दौरान पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि वह डेढ़ साल से मृतक के साथ रह रही है, मृतक का असली नाम सुशांत विश्वास पिता विश्वनाथ विश्वास है।

### घर से मिली दो बोरी शीशी

मृतक के राजकिशोर नगर स्थित घर से दो बोरी में शराब की शीशी मिली है। इस में देशी और विदेशी शराब की कई बोतल रखी गई थी। पुलिस मान ही है कि मृतक शराब पीने का आदी था, लेकिन मौत के कारणों का पता अभी तक नहीं चला है।

मृतक मोबाइल दुकान का संचालक है। पुलिस ने महिला से झुठे सूचना देने की बात कही, जिसपर पत्नी ने बताया कि वह अपने पहले पति का नाम बोल गई, वह डेढ़ साल से अपने पति से अलग रहकर राजकिशोर नगर में सुशांत विश्वास के साथ रह रही थी। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर मृग कायम कर लिया है। मर्ग क्रमांक 81/25 दर्ज किया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दी है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता लग सकेगा। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच में जुट गई है।

### पीएम के बाद होगी कार्रवाई

सूचक ने पुलिस को गलत जानकारी दी थी, मौके पर परीक्षण के दौरान नाम का खुलासा हुआ है। पीएम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-निलेश पाण्डेय,** टीआई सरकंडा थाना

---

# स्थानीय लोगों के लिए 4 सी एयरपोर्ट जरूरी

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का धरना रविवार को जारी रहा, धरने में शामिल होने शहर विधायक अमर अग्रवाल पहुंचने वाले थे लेकिन उन्होंने प्रतिनिधि के तौर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर को भेजा। इस दौरान श्री ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार 4सी एयरपोर्ट के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार इसपर पहल भी कर रही है।

- सरकार कर रही पहल

गौरतलब है कि 6 साल से शहर में एयरपोर्ट के लिए आंदोलन चलाया जा रहा है। आंदोलन की मांग सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट और देश के चारों महानगरों तक फ्लाइट की सुगम सेवा है। आंदोलन का ही प्रभाव रहा है कि 2021 में बिलासा एयरपोर्ट पूरी तरह से अस्तित्व में आया और परिचालन शुरू किया गया। इस समय 19 सीटर से लेकर 72 सीटर विमान चल रहे हैं।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने देश भर में एयरलाइंस कंपनियों के पास बोइंग और एयरबस विमान है, ऐसे में बिलासा एयरपोर्ट का उन्नयन कर उसे भी इन विमानों के लिए विकसित किया जाए। समिति ने कहा कि बिलासपुर एयरपोर्ट के चारों ओर 1012 एकड़ जमीन भारतीय सेना ने अधिग्रहित किया है और यह जमीन खाली पड़ी हुई है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा इस जमीन को वापस लिया जाना चाहिए लेकिन मामला 4 सालों से अटका हुआ है।




### समाज के लोगों ने दिया समर्थन

धरने में जिला अधिवक्ता संघ, संयुक्त तेलुगू समाज,जिला निषाद समाज,सर्व ब्राह्मण समाज, राजीव मितान क्लब, बिलासपुर कान्यकुब्ज समाज और विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस दौरान वी रमना, आर श्रीनिवास राव, शिरीष तिवारी,आशीष साहू शुभम जायसवाल, विक्की यादव, महेश साहू,मोहन माधवानी, रितेश शुक्ल, फागू लाल केवर्त, शौर्य केवर्ट,संजय तिवारी और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### विधायक ने दिया समर्थन

महाधरने में तयशुदा कार्यक्रम के तहत शहर विधायक व पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल भाग लेने वाले थे लेकिन तबीयत खराब होने के कारण उनका आना नहीं हो सका। विधायक ने अपने प्रतिनिधि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर को भेजा। उन्होंने 4सी एयरपोर्ट की मांग का समर्थन किया। प्रतिनिधि श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### किराएदार से की गाली गलौज, मामला दर्ज

**बिलासपुर।** किराए पर दिए दुकान का रास्ता व पानी बंद करने और किराएदार से गाली गलौज करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दुकान मालकिन के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। मामले के अनुसार रामा वर्ल्ड निवासी साधना मेहरा पति महेश मेहरा मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा में किराए से मेडिकल सर्जिकल की दुकान चलाती है। दुकान में पति व पत्नि दोनों बैठती है। दुकान की मालकिन अन्जू कश्यप है। प्रार्थी किराएदार से सिटी कोतवाली में दुकान मालिकन पर अपराध पंजीबद्ध कराया है, जिसमें बताया है कि शनिवार को मकान मालकिन अन्जू कश्यप और नीरज राव ने गाली गलौज देते हुए सामान हटाने के लिए कहा और जान से मारने की धमकी दी। आए दिन अन्जू कश्यप दुकान में आकर सामान हटाओ कहकर गाली गलौज करती है। दो माह से गोदाम जाने वाले रास्ते में ताला लगा दिया है और पीने का पानी भी बंद करा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेलवे में सौर ऊर्जा से 3.8 लाख यूनिट बिजली उत्पादन

**बिलासपुर।** रेलवे में प्रतिमाह सौर ऊर्जा से 3.8 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न करने के साथ 10.1 लाख रुपए की बचत हो रही है। इससे 315.2 टन कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन में भी कमी आई है।

दपूमरे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडल में वर्ष 2010-11 से हरित विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिए कार्यालय एवं स्टेशन भवनों के छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्र तत्काल उपयोग के लिए ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं, इसे बैटरी में संग्रहित करने के सथ अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रिड में वापस भेजा जा सकता है। एसईसीआर ने 2010-11 में केवल 5 किलोवाट के संयंत्र से शुरुआत की थी। वर्तमान में 5451 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र कार्यालय एवं स्टेंशन भवनों की छतों पर स्थापित किए जा चुके हैं। यह संयंत्र प्रतिमाह लगभग 3.8 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे 10.1 लाख रुपए की बचत हो रही है। इसके अलावा प्रतिमाह 315.2 टन कार्बन डाइ आक्साइड के उत्सर्जन में कमी आई है। सौर पैनलों के कुशल प्रदर्शन के लिए नियमित सफाई आवश्यक है। इस उद्देश्य से दपूमरे जोन ने यंत्रीकृत सफाई प्रणाली विकसित की है। रेल अफसरों के अनुसार बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडल में 7776 किलोवाट सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए 34.6 करोड़ रुपए की लागत से कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# नहाने के दौरान नदी में बहे बालक का मिला शव

**बिलासपुर।** बच्चों के साथ अरपा नदी में नहाने के दौरान तेज बहाव में बह गए बालक का शव रविवार की सुबह बरामद कर लिया गया है। पानी में डुबने से बालक की मौत हो गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



मृत बालक।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 12 जुलाई को लोखड़ी निवासी सनी पटेल का 7 वर्षीय बेटा काशी विश्वनाथ पटेल दोपहर 2 बजे गांव के अन्य बच्चों के साथ आमबगीचा पीपल पेड़ के नीचे अरपा नदी में नहा रहा था। तेज बहाव की चपेट में आने के बाद काशी विश्वनाथ नदी में बह गया। कुछ देर बाद सभी अपने-अपने धर चले गए। रात होने के बाद भी काशी विश्वनाथ घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। घरवाले गांव में उसकी खोजबीन करते रहे लेकिन उसका पता नहीं चल सका। रविवार को बालक का शव अरपा नदी के तट पर मिला। पुलिस ने मृग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।



### रेत के लिए बनाया गया है गड्ढा

बताया जा रहा है कि जहां बच्चे का शव मिला है,आसपास के लोगों के द्वारा बताया गया है कि लोखड़ी सरपंच के द्वारा रेत निकालने के लिए गड्ढा बनाया गया है। बच्चे का शव मिलने के बाद भी उसी जगह पर रविवार को रेत निकाली गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगांव
10 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 26,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411